शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 112 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 18 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली में कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर हमला

**नई दिल्ली**

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। वह न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करतार नगर चौथा पुस्ता स्थित पार्षद कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ खड़े थे। तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और उन्होंने कन्हैया कुमार के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले कन्हैया को माला पहनाई उसके बाद उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार इस संबंध में आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने न्यू उस्मानपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि शुक्रवार शाम तकरीबन 4 बजे सत्यनारायण भवन पार्षद कार्यालय चौथ पुस्ता करतार नगर पर मीटिंग समाप्त होने पर सात से आठ व्यक्ति आए। उनमें से दो हथियारबंद व्यक्ति बिल्डिंग के अंदर घुसकर कन्हैया कुमार को माला पहनाई और जोर से थप्पड़ मारा। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि "कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार 4 पुश्ता, स्वामी सुब्रमण्यम भवन, न्यू उस्मानपुर में आप कार्यालय में एक बैठक में थे. मेजबानी आम आदमी पार्टी की पार्षद छाया शर्मा कर रही थीं. बैठक के बाद जब छाया शर्मा कन्हैया कुमार को विदा करने के लिए नीचे आईं तो कुछ लोग आए और कन्हैया कुमार के गले में माला पहनाई. माला पहनाने के बाद कुछ लोगों ने कन्हैया कुमार पर स्याही फेंकी और उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की.

## भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** शुक्रवार को कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कथित आपत्तिजनक ट्वीट पोस्ट करने और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने के लिए भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी गई थी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हर व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट आ जा रहा है।

# अपना राहुल आपको सौंप रही हूं: सोनिया

## मेरा आंचल आपके प्रेम और आशीर्वाद से जीवनभर भरा रहा, आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया

**रायबरेली**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आशीर्वाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेठी-रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। सोनिया गांधी ने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हुई हैं। गंगा मां की माटी से रिश्ता रहा है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था। मैंने राहुल और प्रियंका को वही सीख दी है जो इंदिरा जी ने मुझे दी थी। सबका आदर करो। अन्याय और अधिकार की रक्षा के लिए जिससे भी लड़ना पड़े उससे लड़ो। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका है। आईटीआई मैदान में गठबंधन की सेवा संकल्प सभा में कांग्रेस और सपा ने मिलकर ताकत दिखाई। महंगाई से लेकर इलेक्टोरल बांड तक के मुद्दों पर भाजपा पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है। यह समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं। पूरे देश को दिखाया है कि पूरे दिल से आप लगे हैं। परिश्रम किया है, यह रायबरेली क्षेत्र है।



## 'भाजपा वालों ने हर चीज महंगी कर दी पर कोई सुविधा नहीं दी'

अखिलेश यादव ने जनता से सवाल किया दस साल पहले मोटरसाइकिल की क्या कीमत थी। अब कितनी है। बिजली महंगी कर दी। न कोई सुविधा दी। भाजपा के लोगों ने आपके साथ धोखा किया बल्कि किसानों की बोरी से भी चोरी की है। नैनो यूरिया को बिकवाने के लिए नया फामूर्ला निकाला है। यह सुनने में आ रहा है कि जिसने नैनो यूरिया बनाई वह भारत छोड़कर चला गया है। इंडिया गठबंधन गरीबों के लिए फैसला लेगा। दिल्ली वालों ने जब से सुना है कि गरीबों के लिए फैसले लेने वाले हैं तो एक के बाद खटाखट विदेश भाग गए। जनता कह रही है कि आपको खटाखट फटाफट हटा देंगे। जो कहते थे न खाएंगे न खाने देंगे। वह सब डकार गए हैं।

## भाजपा वालों ने इलेक्टोरल बांड खाने के बाद डकार तक नहीं ली: अखिलेश

**अखिलेश ने कहा कि** गटागट गटागट। इलेक्टोरल बांड खाने के बाद डकार तक नहीं ली। यह हमारे आप के भविष्य का चुनाव तो है ही साथ ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। यह भाजपा वाले वैक्सीन लगवाकर हमारी जान के पीछे पड़ गए हैं। यह 400 का नारा भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि हर चरण में जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सातवें चरण में जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। छुट्टा जानवरों से कोई सुरक्षित नहीं बचा है। 140 करोड़ की जनता



इस बार 140 सीटों के लिए तरसा देगी। शिक्षामित्र और शिक्षक भर्ती वाले जानते होंगे कि इस सरकार में सब कुछ उल्टा पुल्टा हो रहा है।

रायबरेली की यही राय है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। वह भी देख लें और सुन लें कि राहुल का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। उन्होंने कहा कि एक और एक ग्यारह होता है और भाजपा नौ दो ग्यारह हो गई है। चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गई है। भाजपा वाले किसानों पर चार काले कानून लागू कर रहे थे। किसानों को लड़ना पड़ा। कभी पीछे नहीं हटे।

## मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा: सोनिया गांधी



**सोनिया** ने कहा कि मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को अटूट बनाने के लिए राहुल गांधी मैदान में हैं। दस साल से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं परेशान हैं। जन जन की पुकार थी कि आपकी सुनवाई हो लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। आज इस देश में आंधी उठी है कि सत्ता से तानाशाही सरकार को हटाया जाए। रायबरेली की जनता ने 100 साल पहले आवाज उठाई थी। एक बार फिर रायबरेली देश को सत्ता परिवर्तन के लिए आवाज दे रहा है।


**रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे राहुल गांधी**

अखिलेश यादव सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा जनसमर में बड़ी संख्या में सभी पदाधिकारी दिखाई दे रहे हैं। जहां से मैं चला हूं। लगातार सड़कों पर सैलाब दिखाई दे रहा हैं। पंडाल के बीच लोग दिखाई दे रहे हैं। यह जनसैलाब फैसला कर रहा है कि राहुल गांधी न केवल जीतेंगे बल्कि रिकार्ड जीत होगी। रायबरेली की यही राय है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। वह भी देख लें और सुन लें कि राहुल का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। उन्होंने कहा कि एक और एक ग्यारह होता है और भाजपा नौ दो ग्यारह हो गई है। चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गई है। भाजपा वाले किसानों पर चार काले कानून लागू कर रहे थे। किसानों को लड़ना पड़ा। कभी पीछे नहीं हटे।

## दिल्ली शराब नीति घोटाले में ईडी ने आप और केजरीवाल को बनाया आरोपित

**नई दिल्ली**

ईडी ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल आठ चार्जशीट दाखिल की हैं, जिसमें आज दाखिल की गई सातवीं पूरक चार्जशीट है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर यह पहली चार्जशीट है। ईडी ने इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व



उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के. कविता हैं। इसमें अरविंद केजरीवाल फिलहाल 1 जून तक की अंतरिम जमानत पर हैं जबकि संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत दे चुकी है। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें बीआरएस नेता के. कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है।

## पीओके प्रदर्शनों पर भारत ने कहा, स्थानीय जनता के संसाधनों को कब्जा रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली**

भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नागरिकों के खिलाफ प्रशासन और सैन्य बलों की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए इसे पड़ोसी देशों की संसाधनों के दोहन की गलत नीति का नतीजा बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान का पीओके पर अवैध कब्जा है और यह हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि पीओके पर



पाकिस्तान का जबरन और अवैध कब्जा है। स्थानीय जनता का विरोध इन क्षेत्रों से संसाधनों की प्रणालीगत लूट का नतीजा है। पाकिस्तान की निरंतर नीति का यह एक स्वाभाविक परिणाम है। ऐसी शोषणकारी नीतियां स्थानीय लोगों को उनके अपने संसाधनों पर अधिकार और उसके लाभों से वंचित करती हैं। हम दोहराते हैं कि संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पीओके में पिछले काफी समय से प्रदर्शन जारी हैं। इनके वीडियो लगातार सामने आ रहे हैं। इसमें पुलिस और सुरक्षा बलों की स्थानीय नगारिकों के खिलाफ कार्रवाई को साफ देखा जा सकता है।

## मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे में प्रकाशित करने की मांग




**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्वाचन आयोग को 24 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील अमित शर्मा से पूछा कि आयोग को फॉर्म 17सी को वेबसाइट पर अपलोड करने में क्या परेशानी है।

तब शर्मा ने कहा कि इस प्रक्रिया में समय लगता है और ये रातों रात पूरा नहीं हो सकता है। आयोग हर बूथ से ये फॉर्म लेता है। तब चीफ जस्टिस ने पूछा कि क्या हर बूथ का मतदान अधिकारी निर्वाचन अधिकारी को फॉर्म 17सी भेजता है। तब शर्मा ने कहा कि इसमें समय लगता है और कई बार वो मतदान के दिन नहीं पहुंच पाता है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि दूसरे दिन पहुंचता है लेकिन उसके बावजूद आप क्यों नहीं अपलोड करते हैं। तब शर्मा ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी हर आंकड़ा को देखता है कि कहीं उनमें अंतर तो नहीं है। याचिका में कहा गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के आंकड़ों को प्रकाशित करने में चुनाव आयोग बहुत देरी कर रहा है, जिससे आंकड़ों में बड़े पैमाने पर बदलाव की आशंका पैदा हो गई है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने कई दिनों के बाद आंकड़ा प्रकाशित किया। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ, जिसके आंकड़े 11 दिनों के बाद प्रकाशित किए गए।

## नीट-2024 के रिजल्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल प्रवेश की परीक्षा नीट-2024 के रिजल्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मावकाश के बाद करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि



अदालत अखिल भारतीय परीक्षा पर रोक नहीं लगा सकती है। वंशिका यादव की ओर से दायर याचिका पर वकील सन्नी कादियान ने कहा कि राजस्थान में नीट की परीक्षा के दौरान अखबारों में पेपर लीक की खबर आयी। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक घटना पटना में हुई, जहां 13 लोगों को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था कि उनके पास परीक्षा के एक दिन पहले पेपर आ गए थे। जब बिहार के इकोनॉमिक एंड साइबर क्राइम डिवीजन ने जांच की तो पता चला कि इस मामले में एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि 2015 में प्री डेंटल प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा निरस्त कर दी थी और सीबीएसई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था।

## बिभव की धमकी से झुकी पार्टी, दो दिन में लिया यू-टर्न: स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली**

**सांसद स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी की ओर** से लगे आरोपों का जवाब देते हुए हुए कहा है कि पार्टी बिभव की धमकी के आगे झुक गई है और दो दिन पहले दिए अपने ही बयान से पलट गई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, ये गुंडा (बिभव) पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा। इसलिए ही लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। इससे पहले स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में एक वीडियो सामने आया था। इसमें वह सौफे पर बैठी हैं और पुलिस बुलाने की बात कर रही हैं। वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए स्वाति मालीवाल ने इसे राजनीतिक हिटमैन की खुद को बचाने की कोशिश बताया था। उधर, आम आदमी पार्टी ने स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री के पीए के मारपीट करने की बात स्वीकारने के बाद अब अपना रुख बदल लिया है

## भारत में सीमा पार आतंकवाद के प्रति सहनशीलता बहुत कम: जयशंकर

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीमा पार से होने वाली आतंकी गतिविधियों को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश को इसके परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है। सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट 2024 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवादी गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। अगर ऐसा कुछ होता है तो एलओसी और सीमा पर इसका असर पड़ेगा।

**'पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा'**

बिजनेस समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों का अभ्यास कर रहा है। पहले हमारे देश में आतंकवाद को अपने



पड़ोसी के सनकीपन के रूप में देखते थे। अब हमने आतंकवाद के साथ निपटने के लिए खुद को उसी तरह से तैयार किया है। एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में भारत ने साफ तौर पर निर्णय लिया था कि हम सीमा पार के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**बंद कर दे आंतक का धंधा तो...:**

विदेश मंत्री ने उरी और बालाकोट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका परिणाम उन्होंने देखा है। अगर हमारा पड़ोसी ऐसी हरकतें करना बंद कर दे तो हम भी उसके प्रति एक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करेंगे। अब गेंद उनके पाले में है। अगर वे आतंक के अपने धंधे को बंद कर देते हैं जिसे उन्होंने कई दशकों में बनाया है, तो लोग उनके साथ एक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करेंगे।

**चीन से सीमा विवाद अधिक जटिल**

चीन पर बोलते हुए उन्होंने ड्रैगन के साथ सीमा विवादों को अधिक जटिल बताया। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों की जटिलता के तीन पहलू हैं। एक बुनियादी पहलू यह है कि सीमा क्षेत्र में शांति भंग हो गई है।

जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश लिखित समझौते से पीछे हट गया है और भारत की सीमाओं पर कुछ कर रहा है, तो हम यह नहीं कह सकते कि व्यापार सामान्य रूप से जारी रहेगा और अन्य चीजें नहीं होंगी। दूसरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि चीन से संबंध व्यापार असंतुलन का मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक समुदाय के साथ हमारी कुछ चुनौतियां है। हमारे यहां व्यापारी अभी भी कीमतों पर आधारित विकल्प चुन रहे हैं। मैं व्यापार की मजबूरी को समझता हूं लेकिन लंबे समय में, हमें यह देखना होगा कि हम व्यवसायों को और अधिक कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं। इसके लिए हमें और अधिक घरेलू उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। तीसरा मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा फिल्टर का है। व्यावसायिक प्रस्ताव में हमें राष्ट्रीय सुरक्षा संवेदनशीलता का मूल्यांकन करना होगा जो वहां हो सकती है।

# अप्पे ने बाइक को मारी टक्कर, अनियंत्रित हुई बाइक की दूसरे बाइक से जोरदार भिडंत में दोनों की मौत

**मांडा क्षेत्र के दिघिया अमिलहवा मार्ग पर हुआ हादसा**

**हादसे की सूचना पर दोनों मृतक परिवारों में कोहराम**

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** क्षेत्र के दिघिया अमिलहवा मार्ग पर एक अप्पे ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दूसरी बाइक में जबरजस्त भिडंत हों गई। बाइको की इस जबरजस्त भिड़ंत में दोनों बाइक सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस भीषण हादसे को लेकर आस पास के लोगो में हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह व दिघिया चौकी प्रभारी बाबू राम अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। गौरतलब हो कि मांडा क्षेत्र के दिघिया गांव निवासी अरविंद भारतीय(36) पुत्र नंद लाल भारतीया ने शुक्रवार को दोपहर बाइक से अपने घर लौट रहे थे इसी बीच दिघिया राजमार्ग अछोला गांव के समीप पीछे से आ रही अप्पे ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे गंगाराम पुत्र मंगरू निवासी ओनौर थाना मेजा के स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही दोनों चालकों की मौत हों गईं । इस हादसे से दोनों राजमार्गो पर हड़कंप मचा रहा। घटना की जानकारी दोनों मृतकों के परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## शौच के लिए गई महिलाओं को सांड ने रौंदा एक महिला की हालत गंभीर

**मऊआइमा।** शौच के लिए एकत्रित हो कर खेत गयीं महिलाओं को सांड ने कई को पटख कर जख्मी कर दिया जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन में राम बहादुर के यहां बर्थडे पार्टी में आयी महिएं खेत में शौच करने चली गयीं। बताया गया है कि छुटटा मवेशियों के झुंड ने महिलाओं के उपर हमला बोल दिए बताया गया है राम कली, केवला देवी,रुचि, कुसुम आदि को मवेशियों ने मार कर जख्मी कर दिए। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है राम कली की हालत नाजुक बनी हुई है।

## अखिलेश राहुल की विशाल जनसभा 19 मई को मुंगारी में

**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संयुक्त जनसभा इलाहाबाद लोकसभा 52 से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में मिजार्पुर रोड स्थित विधानसभा करछना के मुंगारी गांव में 19 मई को 2 बजे दिन में संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि अखिलेश यादव लखनऊ से चलकर बमरौली हवाई अड्डे पर चार्टर्ड विमान से आएंगे तत्पश्चात हेलीकॉप्टर से निर्धारित स्थल मुंगारी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही साथ श्री राहुल गांधी अपने निजी विमान से सभा स्थल पर पहुंचेंगे। समाजवादी पार्टी यमुनापार जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद एवं करछना विधानसभा अध्यक्ष ननकेस बाबू ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय नेता वर्तमान सरकार की संविधान विरोधी कार्यों का पदार्फाश करेंगे। क्षेत्र के समस्त जनमानस तथा पार्टी के जिला से लेकर बूथ स्तर तक के सभी कार्यकताओं से अनुरोध है अपने नेता के सम्मान बढ़ाने एवं उनके विचारों को सुनने हेतु निर्धारित समय पर पहुंचकर जनसभा को सफल बनाएं तथा अपने प्रत्याशी के समर्थन में जुट जाएं।

## ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई प्रहलाद चरित्र गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन बामन अवतार एवं श्रीराम श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा

**कठौली की श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब**



**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे तीसरे दिन की कथा में प्रहलाद चरित्र गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन बामन अवतार एवं श्रीराम श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरु पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी साइंटिस्ट अमेरिका डा. राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। कथा का नजारा ऐसा रहा कि मानों कठौली गांव श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन हो गई है श्रोताओं का तांता लगा रहा। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि चौथे दिन की कथा बाल लीला माखन चोरी एवं गोबर्धन पूजन पर आधारित होगी। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया आइसक्रीम सेलिब्रेसन डे




**सिरसा।** बखउरुवा विकासखंड अन्तर्गत मवैया रोड रामनगर स्थित माँ पिताम्बरा शिक्षा समिति द्वारा अंग्रेजी माध्यम से संचालित सरकार द्वारा हाई स्कूल तक मान्यता प्राप्त ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल मे नये सत्र 2024 - 2025 के प्रथम यूनिट टेस्ट के अन्तिम दिन आइसक्रिम दिवस के रूप मे बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सभी बच्चों ने जीभर के अलग अलग फलेवर का जिसमे वेनिला, इस्टावेरी, चाकलेट, मैगों, आरेन्ज, पिस्ता बादम, बटर, कुकीज आदिफलेवर के आइसक्रिमों का आनन्द लिया। स्कूल मे आये अपने बच्चों को लेने के लिए उपस्थित अभिभावको ने भी आइसक्रिम का टेस्ट चखा जो काफी जायकेदार रहा। इस अवसर पर स्कूल के फाउन्डर श्री अशोक कुमार ने बच्चों के साथ अपना सम्पूर्ण समय दिया। इन्होने इस दिन को बच्चों तथा अभिभावको के साथ भरपूर आनन्द लेते हुए कहा कि बच्चे देश के भविश्य है इनकी सही शिक्षा स्वास्थ्य एवं उत्तम अनुशासन की जिम्मेदारी का खयाल ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल मे सदैव अच्छे से रखने का प्रयास किया जाता है और यह दिनोदिन बेहतर ढंग से होता रहेगा। स्कूल के प्रवन्धक डा नीरज कुमार ने बताया कि वच्चों को समय समय पर सभी बातों का विशेष रुप से ध्यान देना आवश्यक होता है। अव समर वेकेसन मे सभी बच्चों को घर पर रहकर अपनी स्टडी को लगातार जारी रखने का समय है अतः स्कूल समर वेकेसन होमवर्क के लिए विशेष तौर पर वर्कसीट डिजाइन किया है जो अभिभावको को पैरेन्ट टिचर मिटिगं मेदिया जायेगा। हाई स्कूल की कक्षाये लगातार जारी रहेगी जो भी बच्चे ज्वाइन करना चाहेगे वो अपने अभिभावक के अनुमति से ज्वाइन कर सकते है। डा० नीरज ने यह भी बताया कि सभी बच्चे गर्मियों मे अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान दे लू से बचें। अनावश्यक यात्रा न करे। स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दूर्गा देबी ने बताया।

## हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**कोरांव।** क्षेत्र के बड़ोखर तिराहे से हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त योगेश्वर सिंह पटेल उर्फ मंटू पुत्र ज्ञानेश्वर सिंह पटेल निवासी ग्राम गाढ़ा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश भारती द्वारा हम राही कर्मचारियों की मदद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा होली के दिन अपने पिता के साथ मिलकर गाढ़ा चौराहे पर थाना क्षेत्र के हिस्ट्री सीटर रेवती रमन शुक्ला निवासी ग्राम शुकुलपुर थाना कोराव जनपद प्रयागराज शराब पीने के दौरान हुए विवाद के कारण देवतानी पत्थर बाटियां से सर पर प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। तभी से उक्त आरोपी अभी तक लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा दिया गया।

### चोरी का वांछित मुलजिम खुले आम घूम रहा

थाना कोराव में क्राइम नंबर 46/2024 धारा 379,411आईपीसी तथा क्राइम नंबर 25/2024 धारा 3/5 लो स नि अधिनियम, का नामजद मुलजिम खुले आम घूम रहा।




## छात्रों ने रैली निकाल मतदान के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शत प्रतिशत मतदान हेतु जगह जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।शुक्रवार को क्षेत्र के श्रृंगी ऋषि इण्टर कॉलेज घटवा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं व स्टॉफ ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। आगामी लोकसभा चुनावों में वोटों की महत्ता एवं एक एक वोट देश के विकास में कितना महत्वपूर्ण है इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ संतोष सिंह ने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान। साथ ही बताया कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है इसलिए हर एक नागरिक मतदान कर देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकता है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट करने के लिए अपील किया। देश के विकास में मतदान कैसे और क्यों आवश्यक है ये बात छात्रों द्वारा पोस्टर बैनर के जरिए बताया गया।समस्त अध्यापकों ने भी लोगों से वोट करने की अपील की।

## शिवनगर मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य बीमारी फैलने की संभावना

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शिवनगर मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई के न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है । जिससे लोगों में तमाम तरह की बीमारी फैलने की संभावना बनी हुई है। बताया जाता है ,कि शिवनगर मोहल्ला दक्षिणी लोकपुर मोहल्ले से सटकर बसा हुआ है। यह मोहल्ला नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आता है । इस मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। कूड़े से नालिया पूरी तरीके से जाम हो गई है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य है। नालियों में पड़े कूड़ा करकट से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। मोहल्ले में गंदगी का अंबार है। गंदगी के चलते यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है । मच्छरों की भरमार हो गई है। नालियों से उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है । भीषण गंदगी के चलते क्षेत्र में तमाम तरह की बीमारी फैलने की संभावनाएं बनी रहती है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई, बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### नैनी में विशाल मां भगवती जागरण आज

**नैनी।** नैनी विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 18 मई को रात्रि में तकरीबन 9:00 बजे से मेवा लाल की बगिया तिराहा स्थित ग्रीन गार्डन गेस्ट हाउस में आठवां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने बताया, कि स्टेशन रोड हनुमान नगर मोहल्ले में सड़क चौड़ीकरण को लेकर आ रही तमाम समस्याओं को देखते हुए इस वर्ष ग्रीन गार्डन गेस्ट हाउस में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय भक्तजनों से पहुंच कर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# पानी की जगह तालाबों में उड़ रहें धूल पशु, पक्षियों का हाल बेहाल

अखंड भारत संदेश





**मांडा।** इलाकाई मांडा ब्लाक के अंतर्गत विभिन्न गांवों में अमृत सरोवर का कायाकल्प करने की प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना लाखों खर्च के बाद भी विभागीय उदासीनता के कारण दम तोड़ती नजर आ रही है। क्षेत्र के मांडा, दसवार , उचडीह, धनावल, पियरी, गिरधरपुर, बेदौली, महुआव आदि ग्राम सभाओं में अमृत सरोवर व तालाबों में एक भी बूंद पानी नहीं है। वहीं ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं जब तालाब में पानी ही नहीं तो इसके बनाये जाने का क्या उद्देश्य है। जिस पर खर्च किया गया बजट भी हवा हवाई हों गया ऐसे में भूजल स्तर सुधारने के दावे भी हवाई साबित हो रही है। वहीं पशु पक्षी भी पानी के लिए तरस रहे है। अप्रैल माह का शुरूआत से ही भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी थी। इसका सीधा असर जल स्त्रोतों पर देखने को मिला है। तेज चिलचिलाती धूप से क्षेत्र के दर्जनों तालाब सूख गए हैं और धूल उड़ रही हैं। इससे पशु पक्षियों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। आलम ये है की लाखों खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवर भी जल स्त्रोतों से कॉनेक्टिविटी न होने से सुख गए हैं। इससे जल संरक्षण के दावों पर पलीता लग रहा है। वहीं जिम्मेदार इनमें पानी भरवाने को लेकर भी उदासीन दिख रहे हैं। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने कहा कि जल्द ही अमृत सरोवरों में पानी भरवाया जाएगा। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### पिलखिनी में बने नवनिर्मित ट्यूबवेल में बिजली कनेक्शन नहीं आक्रोश



**जंघई।** पिलखिनी गांव निवासी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि राजकीय नलकूप संख्या 270 एच पिछले डेढ़ वर्ष से बनकर तैयार है लेकिन ट्रांसफार्मर एवं केबिल न लगने के कारण चल नहीं पा रहा है।प्रमोद मिश्रा द्वारा आईजीआरएस द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई।जिसके फलस्वरूप उक्त नलकूप की जांच सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता द्वारा स्थलीय जांच कराया गया लेकिन अभी तक चालू नहीं हो पाया।569 असफल राजकीय नलकूपों के पुनः निर्माण की परियोजना में यह भी ट्यूबवेल शामिल है परंतु विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर एवं केबिल न लगने कारण विद्युत विभाग से लिखित एवं मौखिक अनुरोध किया गया इसके बावजूद विद्युत विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

### विवाहिता को ससुरालियों ने मारकर भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में पांच लाख रुपए नगदी तथा भैंस न मिलने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक सुल्तान उर्फ नेवादा निवासिनी प्रियंका पाल पुत्री रामजी पाल की शादी 2017 में प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के नारी बारी निवासी राम प्रताप पुत्र स्वर्गीय सीता राम के साथ हुई थी। जिससे एक पुत्र एक पुत्री हैं ?आरोप है कि शादी के बाद से दहेज में पांच लाख रुपए नगदी मांगने और दूधारू भैंस की फरमाइश की गयी। दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगा दिए।प्रियंका पाल ने मऊआइमा थाने में पति राम प्रताप, जेठानी कविता पाल,सास राम प्यारी,जेठ राम सेवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पंडित रमाकांत शुक्ल महाविद्यालय शुकुलपुर में प्रवेश प्रारंभ

**धनूपुर।** पंडित रमाकांत शुक्ल महाविद्यालय शुकुलपुर, गिर्दकोट धनूपुर में बीए, बीएससी कक्षा में प्रवेश प्रारंभ हो गया है।यह जानकारी देते हुए प्रबंधक देवेंद्र शुक्ल ने बताया है कि हमारे महाविद्यालय की विशेषताओं में अनुभवी एवं शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेहतर शिक्षा, शत प्रतिशत परीक्षा फल, उच्चकोटि की शिक्षा एवं सुरक्षा की गारंटी, सुरक्षित एवं संरक्षित परिसर एवं छात्रवृत्ति की विशेष व्यवस्था है। अतः अभिवावकों से आग्रह है कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु हमारे महाविद्यालय में नामांकन करवाएं और बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनायें।

### वृंदावन गेस्ट हाउस मेजारोड में प्रबुद्ध वर्ग की संगोष्ठी आज

**मेजा।** वोट हमारा अधिकार ही नहीं परम कर्तव्य है। लोकतंत्र के इस महापर्व पर राष्ट्रहित में शत प्रतिशत मतदान हेतु इलाहाबाद संसदीय सीट 52 लोक जागरण मंच के तत्वावधान में 18 मई को विसहिजन कला मेजारोड स्थित वृंदावन गेस्ट हाउस में सेवा निवृत यूरेनियम चेयर प्रोफेसर आईआईटी आईएसएम धनबाद झारखंड सोविंद बिहारी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की संगोष्ठी आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी संगोष्ठी के अपर शासकीय अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत रमेश कुमार होंगे। श्री शुक्ल ने इस मौके पर क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है।

# भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने मनकामेश्वर मण्डल में किया जनसंपर्क



**लालापुर।** प्रयागराज से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने मनकामेश्वर मंडल के कई गांवों में जनसंपर्क करते हुए लालापुर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर लालापुर में भ्रमण किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने प्रयागवासियों का सेवा करने जो अवसर दिया है,उसे पूरा करने में सबका सहयोग चाहिए। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो अपने हर छोटे बड़े कार्यकताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करती है और ₹सबका साथ-सबका विकास₹को ध्यान में रखते हुए विकास की दौड़ में निरंतर आगे बढ़ रही है।आज उत्तर प्रदेश में गुंडाराज खत्म करते हुए पानी, बिजली, सड़क जैसी समस्याओं से काफी हद तक छुटकारा मिल गया है। महिलाएं, बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं,जो केवल भाजपा सरकार में ही संभव था। गुंडे माफियाओं का कमर तोड़ने का काम केवल भाजपा द्वारा किया गया है।आज उत्तर प्रदेश में लोग अपने घरों में चैन की नींद सो रहे हैं जो भाजपा सरकार की देन है, किसी व्यक्ति को कोई खतरा नहीं महसूस हो रहा क्योंकि सारे गुंडे माफिया सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। मनकामेश्वर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पाण्डेय ने कहा कि अबकी बार-400 पार करते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिसके लिए भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को अपना अमूल्य मत देकर भारी मतों से विजयी बनाएं। मनकामेश्वर मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का एक एक वोट कीमती है, इसलिए 25 मई को होने वाले मतदान में प्रयागराज से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को चुनाव चिन्ह कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों विजयी बनाएं। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने नीरज त्रिपाठी जिंदाबाद व जय श्री राम का नारा लगाते हुए समर्थन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार मंगला प्रसाद तिवारी, शक्ति केंद्र संयोजक सतीश शुक्ला, विजय कुमार पांडेय, सेक्टर प्रभारी रामभूषण शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष होरीलाल केसरवानी, बृजेश तिवारी,माखन पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष हिमांशु तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, जय प्रकाश, विजय कुमार निषाद,प्रेम चंद्र मिश्रा, राकेश मिश्रा, राजू द्विवेदी, नीरज पांडेय, आशीष मिश्रा, रितेश पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संविधान बचाने व अधिवक्ताहित के लिए बीएसपी प्रत्याशी ने की वोट की अपील





**सोरांव।** आगामी 25 मई को लोकसभा का चुनाव होने वाला है। जिसको लेकर सभी पार्टियों के प्रत्याशियों ने दमखम लगाकर जनता से वोट की अपील कर रहे हैं। जिसको लेकर शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल अपने संसदीय क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा कर-के जनता से संविधान बचाने को लेकर हाथी के सामने वाली बटन दबाने की अपील किया। इतना ही नहीं प्रयागराज की सबसे बड़ी तहसील सोरांव में भी विद्वान अधिवक्ताओं के बीच में जाकर संविधान बचाने, शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार के नाम पर वोट का आशीर्वाद मांगा। तथा उपस्थित अधिवक्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर तथा माल्यार्पण करके स्वागत सम्मान किए । तथा बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में मतदान करने की पुरजोर अपील किया। इस मौके पर वर्तमान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमल कांत मिश्रा एडवोकेट,पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सोराव राम सजीवन गौतम, पूर्व महामंत्री प्रत्याशी राम प्यारे गौतम, एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर चंद्र एडवोकेट, चुनाव प्रभारी पंकज गौतम एडवोकेट, राजू पाल, धर्मेंद्र एडवोकेट, डीके एडवोकेट, आशीष कुमार एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र यादव एडवोकेट, लाल जी यादव एडवोकेट, मोहम्मद अरमान एडवोकेट, सहित सैकड़ो अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

# प्रयागराज के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत
# रायबरेली के ऊंचाहार में हुआ भीषण हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के चार लोगों की रायबरेली के ऊंचाहार में हुए भीषण सड़क हातसे में मौत हो गई। मारे गए लोगों में पिता पुत्र समेत एक ही परिवार के चार लोग शामिल थे। यह सभी जिले के उतरांव थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। उतरांव इलाके के रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों की रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह पूरे बाबा मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव स्थित पंचशील महाविद्यालय के पास पिकअप व कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन भिड़ने के बाद खड्ड में जा गिरे। हादसे में कार सवार पिता-दो बेटों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए। घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। प्रयागराज जिले के उतरांव निवासी मिराज (35) पुत्र अब्बास खान सऊदी अरब में नौकरी करता था। उसे शुक्रवार को सऊदी अरब जाना था। सुबह मिराज अपनी कार से पत्नी हबीबा (32), दो बेटे उस्मान (5), सुलेमान (डेढ़ माह) व नौशाद अली (22) पुत्र शाहिद अली के अलावा झूंसी निवासी बुसरा पत्नी शाहिद अली व प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के दरिया पट्टी निवासी शलेहा पत्नी जुनैद के साथ लखनऊ जा रहा था। हाईवे पर पंचशील महाविद्यालय के पास रायबरेली से ऊंचाहार की ओर जा रही पिकअप से आमने-सामने से टक्कर हो गई हादसे में मारा गया मेराज अपनी पत्नी और बच्चों के साथ। - फोटो : अमर उजाला घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में चले गए। कार सवार सभी वाहन में ही फंस गए। ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मासूम सुलेमान की मौके पर ही मौत हो गई थी। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मिराज, उसके बड़े बेटे उस्मान व नौशाद अली की मौत हो गई। वहीं मृतक मिराज की पत्नी हबीबा, बुसरा व शालेहा का इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल चौकी इंचार्ज शरद कुमार ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। ये सभी लखनऊ एयरपोर्ट जा रहे थे, तभी ऊंचाहार क्षेत्र में हादसा हुआ। चारों शवों को अस्पताल स्थित मच्युर्री में रखवा दिया गया है। शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। ऊंचाहार कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हादसा हुआ है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज होगा। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया है।









### पुलिस समय से पहुंच जाती तो बच जाती जान

हादसे की सूचना के बावजूद ऊंचाहार पुलिस को मौके पर पहुंचने में लगभग एक घंटे का समय लग गया। राहगीरों ने गांव वालों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली अंतर्गत आने वाले भीटी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लोगो ने पुलिस को दिया,जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस युवक का पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए शव कब्जे में लेकर लिखा पड़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया 'हंडिया कोतवाली अंतर्गत आने वाले भीटी रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आने से भेलसी गांव का रहने वाले एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई ' घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भरकम भीड़ जमा हो गई,लोगो ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए युवक का पहचान कर सूचना परिजनों को दिया ' जिसके बाद सूचना पाकर मृतक के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए ' जिसके बाद पुलिस मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर लिखा पड़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नैनी में जलाआपूर्ति की पाइप लाइन टूटी सैकड़ो घरों में पेयजल संकट

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ स्टेशन रोड हनुमान नगर में सड़क चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है चौड़ीकरण के लिए सड़क खुदाई के दौरान पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइप लाइन टूट जाने से सैकड़ो से अधिक घरों में पेयजल संकट बढ़ गया। था वहीं के स्थानीय लोगों ने आनंद गुप्ता डॉ मोनू केसरवानी सोनू विश्वकर्मा धर्मराज पटेल ने पार्षद राकेश जयसवाल को मौके पर बुलाकर टूटी पाइप लाइन दिखाएं पार्षद के प्रयास से दो दिन बाद सप्लाई चालू हो पाई वही जिससे दर्जनों मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति बाधित रही हनुमाननगर, जमुना नगर, स्टेशन रोड, मलहरा फाटक शंकरढाल, नैनी बाजार, खुराना मार्केट, बोंगवा गली, दशरथ गली समेंत कई मोहल्ले की आपूर्ति बाधित रही जिससे कई हजार घरों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मच गया। इसके साथ ही रोजमर्राह के कामो के लिए भी लोगो को परेशान होना पड़ा। जल संस्थान के कर्मचारी टूटी (भष्ट) लाइन की मरम्मत करने पहुंचे। तब जाकर मोहल्ले की आपूर्ति शुक्रवार को शाम को चालू हो पाई। उचित कार्य योजना तैयार किया बिना सड़क की खुदाई होने से क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**पार्षद राकेश जायसवाल के प्रयास से दो दिन बाद पानी की सप्लाई चालू हो पाई**



## आधा दर्जन बम के साथ एक युवक गिरफ्तार



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छतनाग चौकी इंचार्ज कपिल कुमार चहल ने गुरुवार शुक्रवार को समुद्र कूप के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 देसी बम बरामद किया। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक आवास विकास कॉलोनी निवासी विकास सिंह उर्फ विक्की पर झूंसी में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है बम व चोरी के मामले में कई बार जेल भी जा चुका है।

# मेजा ऊर्जा निगम ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर किया स्वच्छता पखवाड़ा 2024 की शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा 2024 की शुरूआत किया। इस दौरान उन्होंने निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई । उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार मेजा ऊर्जा निगम आगामी 15 दिनों में अपने परिसर के साथ-साथ आस-पास के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्रभात फेरी, कहानी लेखन, कविता, डिबेट, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी कई स्पधाओं एवं गतिविधियों का आयोजन परियोजना परिसर में मानव संसाधन विभाग द्वारा किया आयोजित जाएगा। इसके साथ ही आस-पास के गावों में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा जिसमे नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।इसी क्रम में मेजा ऊर्जा निगम ने शुक्रवार को परिसर के हाट सब्जी मंडी क्षेत्र में स्वच्छ मेजा ऊर्जा निगम अभियान का शुभारंभ भी किया। मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ कमलेश सोनी ने इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध भी किया और कहा कि प्रत्येक विभाग भी इस अभियान की शुरूआत अपने स्तर पर करें और पखवाड़ा समापन समारोह में अपनी रिपोर्ट भी जमा करें। उन्होने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान में मिलकर अपना अहम योगदान देना चाहिए और इसकी शुरूआत हमें व्यक्तिगत स्तर पर करके अपने आसपास के इलाकों में भी करनी चाहिए जिससे लोग स्वच्छता के महत्व को समझते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाहन कर सकें।कार्यक्रम में मेजा ऊर्जा निगम के कर्मचारियों के अलावा अन्य स्टाफ के लोग भी काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निगम के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी सीआईएसएफ की टीम के साथ साथ सभी विभागों के विभागाध्यक्ष प्रमुख रूप से मौजूद रहे।







# चलती गाड़ी बनी आग का गोला, जलकर हुई राख



**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के डांडो चौराहे पर शुक्रवार को करीब 12:00 बजे एक पिकअप में अचानक आग लगने से धू धू कर जलने लगी। गाड़ी जलती देख ग्रामीणों ने किसी तरह से पुलिस एवम फायर ब्रिगेड वाहन को सूचना दी तो मौके पर पहुंची बारा पुलिस एवम फायर ब्रिगेड की गाड़ी तब तक पिकअप पूरी तरह से जल कर राख हो चुकी थी।चालक वीरेंद्र सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी रूम, खेरहट खुर्द थाना बारा जो उक्त पिकअप से दूध ले जाने का कार्य करते हैं, किसी काम के लिए डांडो चौराहे के पास खड़ा कर दुकान के पास कुछ सामान लेने गया था कि इंजन अत्यधिक गर्म होने कारण स्वतः ही उसमें आग लग गई, जिसमें गाड़ी पूरी तरह जल गई। मौके पर स्थानीय लोगों द्वारा व फायर टेंडर की मदद से आग बुझा दी गई है । थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि इंजन गर्म होने की वजह से अचानक आग लग गई जिससे पिकअप पूरी तरह से जलकर राख हो गई।

# मतदाताओं को योग्य प्रत्याशी का चुनाव करने की दिलाई शपथ

**युवा देश का भविष्य हैं और वे एक अच्छी सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं : महापौर**





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रयागराज जिले में मतदान के महत्व पर जागरूकता फैलाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार को यूसीईआर सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष डॉ. मोंटू एम पटेल इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. पटेल ने प्रयागराज के सभी आयु वर्ग के मतदाताओं से 25 मई को अपने घरों से बाहर निकलने और मतदान कर योग्य प्रत्याशी का चुनाव करने की अपील की। उन्होंने छात्रों को पीसीआई की विभिन्न उपलब्धियों, फामेर्सी के बढ़ते दायरे और स्वास्थ्य सेवा में इसके महत्व के बारे में भी बताया। यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी और वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने पीसीआई अध्यक्ष को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए, वाइस चेयरमैन ने यूजीआई के छात्रों से कहा कि यदि वे मतदान के लिए पात्र हैं तो वे 25 मई को मतदान अवश्य करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और वे एक अच्छी सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे बिना किसी पक्षपात या प्रभावित हुए अच्छे एवं शिक्षित उम्मीदवार को ही अपना बहुमूल्य वोट दें। इस अवसर पर छात्रों और संकाय सदस्यों सहित मतदाताओं को राष्ट्र और समाज के हित में 25 मई को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा चावला, वेद प्रकाश सिंह और अनुपम ने भी अपने विचार साझा किये। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद प्रस्ताव दिया। समारोह का संचालन श्रद्धांजली सिंह एवं भावना सिंह ने किया।

# परेड ग्राउंड में पीएम मोदी की सभा 21 मई को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पारा ऊपर चढ़ने के साथ चुनावी तपिश भी बढ़ गई है। 21 मई को यह तपिश सबसे ज्यादा महसूस की जाएगी। प्रधानमंत्री उस दिन परेड मैदान में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे तो उसी दिन कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी तथा सपा की डिंपल यादव की भी संयुक्त सभा संभावित है।प्रधानमंत्री देने वाले देश के हॉट सीटों में शामिल फूलपुर तथा इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। 23 मई शाम को प्रचार का शोर थम जाएगा लेकिन इससे पहले चुनावी शोर चरम पर होगा। राजनीतिक दलों की ओर प्रचार अभियान को गति देने की योजना बनाई गई है। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को है। इसका प्रचार 18 मई शाम को थम जाएगा। ऐसे में पहले से उम्मीद की जा रही थी कि 19 मई से नेताओं का रुख प्रयागराज की ओर होगा।इसी क्रम में भाजपा तथा इंडिया गठबंधन की ओर से 19 मई को सुपर संडे बनाने की पूरी तैयारी की गई है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की गंगापार के पड़िला महादेव के पास तथा यमुनापार में करछना के मुंगारी में संयुक्त सभा की घोषणा बुधवार को ही कर दी गई थी। दोनों नेता पहले गंगापार फिर यमुनापार में सभा को संबोधित करेंगे।इसी क्रम में भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी सभाएं 19 तारीख को होने की घोषणा की गई है। खास यह कि मुख्यमंत्री करछना में भी एक सभा को संबोधित करेंगे। वहीं उनकी दूसरी सभा शहर उत्तरी के रामलीला मैदान में होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में परेड मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। उसी दिन कांग्रेस तथा सपा की ओर से भी प्रियंका गांधी तथा डिंपल यादव के संयुक्त रोड शो की मांग की गई है। हालांकि, अभी इसे लेकर अंतिम तौर पर कोई निर्णय नहीं होने की बात कही जा रही है लेकिन दोनों दलों की ओर से रोड शो की तैयारी शुरू कर दी गई है। रोड शो शहर में संभावित है।

### इसी दिन प्रियंका-डिंपल का रोड शो भी संभावित

# हाईकोर्ट ने एसपी मुजफ्फरनगर, पीठासीन अधिकारी से मांगा जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चेक अनादर केस को तय न कर 19 साल तक लटकाए रखने वाले पीठासीन अधिकारी को लापरवाह करार दिया है। साथ ही जिला जज मुजफ्फरनगर को ऐसे मजिस्ट्रेट से स्पष्टीकरण लेकर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।कोर्ट ने प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वह एसपी मुजफ्फरनगर से सफाई मांगे और जो भी इसके लिए जिम्मेदार हो। उसके खिलाफ कार्रवाई कर हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करें।

**वारंट, गैर जमानती वारंट तामील ही नहीं हुआ :**

विचाराधीन कंप्लेंट केस के 19 वर्षो के दौरान पीठासीन अधिकारी द्वारा समन जारी किया गया। जो अभियुक्त पर तामील नहीं किया गया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने जमानती वारंट जारी कर दिया। उसे भी तामील नहीं किया गया। इसके बाद भी कोई अभियुक्त हाजिर नहीं हुआ, तो गैर जमानती वारंट जारी किया गया। पीठासीन अधिकारी ने दर्जनों बार एसपी मुजफ्फरनगर को पत्र लिखकर जारी समन, जमानती वारंट और गैर जमानती वारंट का तामील करने का आदेश दिया। किंतु कोई नतीजा नहीं निकला। अब 19 साल बाद अभियुक्त ने याचिका दायर कर 30 अगस्त 2005 को जारी समन सहित केस कार्यवाही रद्द किए जाने की मांग की है। याची का कहना है कि न तो उसने चेक पर हस्ताक्षर किए हैं और न ही उसने चेक सिंधौली शुगर मिल को दिया है। फिर भी उसके खिलाफ केस कायम किया गया है।

**केस की कार्यवाही को रद्द किए जाने की मांग :**

कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 30 मई तक याची के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है और विपक्षी संख्या दो सिंधौली शुगर मिल को नोटिस जारी की है। कोर्ट ने निबंधक अनुपालन को आदेश के प्रति जिला जज और डीजीपी को अनुपालनार्थ भेजने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने गुंजन गुप्ता की धारा 482 के तहत दाखिल याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में धारा 138 एन आई एक्ट के तहत कायम सिंभौली शुगर मिल बनाम गुंजन गुप्ता केस की कार्यवाही को रद्द किए जाने की मांग की गई है। केस 2003 में दर्ज किया गया था। कोर्ट ने कहा एन आई एक्ट परक्राम्य विलेख अधिनियम की धारा 138 के तहत दाखिल केस का निस्तारण छह महीने में हो जाना चाहिए। किंतु 19 साल तक केस विचाराधीन है। जिसके लिए कोर्ट ने पीठासीनअधिकारी को भी लापरवाही बरतने का जिम्मेदार माना है।

### 19 साल से लंबित चेक मामले में जताई नाराजगी; कहा-हर हाल में रिपोर्ट पेश करें

## हाईकोर्ट सख्त : गुंडा एक्ट का आदेश निरस्त कर कोर्ट ने एडीएम हाथरस पर लगाया एक लाख का जुर्माना

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए एडीएम हाथरस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है और कहा कि यह राशि याचिकाकर्ता को दो महीने में भुगतान किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि कर्तव्यों के पालन में लापरवाही बरतने वाले लोक सेवकों से राज्य सरकार यह राशि वसूलने के लिए स्वतंत्र है।कोर्ट ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और इस न्यायालय की ओर परिभाषित किया गया है कि कानून के अनुसार गुंडा एक्ट की कार्रवाई ऐसे व्यक्ति पर करें जो आदतन अपराधी हो या ऐसा व्यक्ति जो बार-बार अपराध कर रहा है और उसकी प्रवृत्ति अपराधी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह-प्रथम की कोर्ट ने मुकेश कुमार की ओर से दाखिल की गई याचिका पर दिया।मामले में हाथरस निवासी मुकेश कुमार पर एडीएम ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए 30 जून 2022 नोटिस जारी किया और 30 जनवरी 2024 आदेश पारित किया। इस दौरान याची ने आदेश और नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट से गुहार लगाई। याची अधिवक्ता ने पक्ष रखते हुए कहा कि इस मामले में एक बार पहले भी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी।उसी मुकदमे मे अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की ओर से याची के खिलाफ दूसरी नोटिस जारी कर कार्रवाई नहीं की जा सकती। कहा कि याची को एक ही अपराध के लिए दो बार परेशान नहीं किया जा सकता। अपर शासकीय अधिवक्ता ने दलीलों का विरोध किया, लेकिन याची के वकील की ओर से न्यायालय के समक्ष रखे गए तथ्यों पर विवाद नहीं कर सके।कोर्ट ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट हाथरस की ओर से पारित नोटिस दिनांक 30 जून 2022 और आदेश दिनांक 30 जनवरी 2024 को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता के नाम पर एक अकेला मामला है, जिसमें उसे मुकदमे के समापन तक अग्रिम जमानत दी गई है। इस मामले में जिले के कार्यकारी अधिकारियों ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है। कोर्ट ने एडीएम पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया।





## कांग्रेस का घोषणा पत्र छलावा, संजय श्रीवास्तव

**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक संजय श्रीवास्तव सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला ने संयुक्त बयान में कहा कांग्रेस के द्वारा जो घोषणा पत्र लागू किया है वह जनता के साथ छलावा है आठ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है वहां किसी भी महिला को 1 लाख का अनुदान नहीं मिल रहा है ना ही प्रदेश सरकार के द्वारा मुक्त राशन की व्यवस्था की गई है किसान कांग्रेस शासित प्रदेशों में जनता परेशान है कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को 1लाख देने का वादा करके जनता के साथ धोखा कर रही है लोकसभा सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में प्रचार के दौरान कही गई इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज पूर्व जिला मंत्री सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा कार्यकारी सदस्य सुनील विश्वकर्मा महामंत्री उमेश सेन उपाध्यक्ष सुनील कुशवाहा उपाध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा ने कई क्षेत्रों का दौरा कर मतदाता भाइयों से कहा कि झूठे वादों में न फंसे हमारे मोदी के नेतृत्व में प्रयागराज कमल के फूल पर निशान लगाकर नीरज त्रिपाठी के हाथों को मजबूत करें जिससे क्षेत्र का विकास हो सके।

# कांग्रेस व सहयोगी दल अपनी गलत नीतियों से सत्ता से हुए बाहरः मायावती

## बसपा प्रत्याशी के समर्थन में विश्वनाथगंज में पूर्व मुख्यमंत्री ने की जनसभा

### सर्व समाज की भागीदारी से बसपा करेगी बेहतर प्रर्दशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बसपा प्रमुख एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने आज प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में विश्वनाथगंज स्टेशन के पास में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बसपा अकेले ही पूरे दम-खम के साथ पूरी तैयारी से चुनाव लड़ रही है। भाजपा का मुकाबला कांग्रेस व सपा नहीं कर पा रही है लेकिन आप सबके सहयोग से बसपा अकेले ही बेहतर प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे में हमने सर्व समाज को उचित भागीदारी दी जिससे बेहतर परिणाम की आशा है। आज इस कड़ाके की धूप में आई बड़ी भीड़ से उत्साहित



जनसभा में उमड़ी भीड़।





जनसभा को सम्बोधित करतीं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती।

मायावती ने कहा कि आम जनता सरकार से परेशान है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस इनका मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनकी नीतियां गलत हैं। भाजपा का मुकाबला अच्छे ढंग से कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जुमलेबाजी व गारंटी इस बार काम नहीं आएगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियों ने बांड के जरिये करोड़ों रुपये कम्पनी से लिया है। इसका खुलासा सर्वोच्य न्यायालय ने किया है। मायावती ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन में अल्पसंख्यकों की स्थिति को खराब कर दिया है। आज उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। हिन्दुत्व की आड़ में उन पर जुल्म किया जा रहा है। इसके अलावा आज ब्राहमण समाज भाजपा से दुखी है। सरकार बेरोजगारी व महंगाई पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री इस पर कभी बात ही नहीं करते। उन्होंने कहा कि बसपा कहने में कम, दिखाने में ज्यादा विश्वास करती है। जनता ने समर्थन दिया तो परिणाम बसपा के पक्ष में आएंगे। जनता इस बार सत्ता दल के बहकावे में नहीं आएगी। मायावती ने कहा कि सरकार आपके टैक्स के पैसे से निःशुल्क राशन वितरित कर रही है। बसपा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के हिसाब से चलेगी। मायावती आज दोपहर 1.55 बजे हेलीकाप्टर से विश्वनाथगंज पहुंची तो मंच पर पहुंचते ही लगभग 20 हजार से अधिक की जनता ने जोरदार नारों से उनका स्वागत किया। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा ने मायावती को चांदी का हाथी प्रतीक चिन्ह दिया। इस चुनावी सभा में मौजूद प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फूलपुर व प्रयागराज के बसपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए मायावती ने कहा कि इस बार बदलाव होना तय है। कार्यक्रम में प्रथमेश की माता व भाजपा नेत्री जिला सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्षा सिंधुजा मिश्रा सेनानी भी मौजूद रहीं। यह भाजपा में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, प्रथमेश मिश्रा सहित चारों प्रत्याशी व कई कोआर्डिनेटर मौजूद रहे।



शिक्षक चौपाल में मौजूद शिक्षकगण।

# शिक्षक शिक्षक चौपाल का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा के धौरहरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के परिसर में शुक्रवार को शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही बुनियादी योजनाओं की जानकारी अभिभावकों को दी गई।

चौपाल में धौरहरा विद्यालय के निपुण बनाने की शपथ दिलाई गई वह होनहार छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आसपुर देवसरा के धौरहरा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार की सुबह शिक्षक चौपाल लगाकर विद्यालय को आगे बढ़ने पर चर्चा की गई अभिभावकों के खाते में एड्रेस बाइक जूता मौज स्वेटर की धनराज भेजे जाने की भी जानकारियां उपलब्ध गई कराई गई बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना वह विभाग द्वारा भेजे गए धनराज से बच्चों को पोशाक जूता मौज हुआ बैग खरीदने की अपील की गई शिक्षा चैपाल के विशिष्ट महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष श्रीमती गीता सरोज रही कार्यक्रम में विनोद कुमार मनीष सिंह अरुण कुमार मिश्रा हुआ ग्राम प्रधान अंजुल मिश्रा सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# सपा प्रत्याशी के समर्थन मे जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओ ने प्रचार मे झोकी ताकत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** आगामी 20 मई को होने वाला लोकसभा चुनाव अपने पूरे शबाब पर आ गया जनसत्तादल लोक तांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया के बेती आवास पर कार्यकर्ताओ को स्वतंत्र रूप से चुनाव मे प्रसार प्रचार करने की खुली छूट दे देने से कौशाम्बी लोक सभा चुनाव बड़ा दिलचस्प होता दिखाई दे रहा है। चुनाव अब सीधे सपा बनाम भाजपा हो गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए जनसत्तादल के कार्यकर्ता सुबह से ही गांव मे सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के पक्ष मे मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील कर रहे है वही भाजपा के कार्यकर्ता भी अपनी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए भाजपा के पक्ष मे मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित कर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के तीसरी बार लोक सभा चुनाव के मैदान मे उतरने से अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कौशाम्बी ससदीय क्षेत्र के कुंडा व बाबागंज क्षेत्र मे दो पंचवर्षीय सांसद रहे भाजपा के विनोद सोनकर से विशेष कर ब्यापारी वर्ग असंतुष्ट होने से चुनाव का रुख क्या होगा यह तो 20 मई को चुनाव हो जाने के बाद रुझान आने पर मालूम होगा। जनसत्ता दल के समर्थकों द्वारा खुलेआम सपा प्रत्याशी के पक्ष मे प्रसार प्रचार जोड़ तोड़ से शुरु हो जाने से चुनाव बड़ा दिलचस्प हो गया है जो भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है लेकिन मतदाताओं की चुप्पी भाजपा को मजबूत भी बना सकती है। बहरहाल चुनाव परिणाम आने पर स्थिति साफ हो जाएगी कि मतदाता की चुप्पी किस प्रत्याशी के सिर पर कौशाम्बी का ताज़ पहनाती है।

# डबल इंजन की सरकार ने प्रतापगढ़ को ठगाः डा0 एसपी सिंह पटेल

### इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने पट्टी विधान सभा में किया जनसम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने शुक्रवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा पट्टी क्षेत्र के छतौना ढकवा नगर पंचायत, सोनपुर वनहरा, रामगंज, भीखमपुर सरोज बस्ती, चिलावा पाल बस्ती, उमापुर इतरौरी सरोज बस्ती, हर्ज़ामाऊ, गौरीशंकर तिवारी की बाग, जयसिंह गढ़, बिबिया करनपुर, बेलखरनाथ धाम, विश्वनाथगंज पुरबगाँव में जाकर



पट्टी विधान सभा में आयोजित बैठक में बोलते डा0 एसपी सिंह पटेल।

आशीर्वाद प्राप्त किया तथा जनता से मुलाक़ात की।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ़ में 45 मिनट के भाषण में सिर्फ प्रतापगढ़ को 5 मिनट दिया और उसमें उन्होंने हर घर जल की बात कही, जिसमें 889 का दावा किया गया है, परंतु 25 गांव में पहुंचा है नल सेजल, इस तरह से डबल इंजन की सरकार सिर्फ प्रतापगढ़ को ठगने का काम किया है और कहा कि वह क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान के लिए सदैव तत्पर हैं। जनसम्पर्क के दौरान राजेश यादव पूर्व प्रधान, सुनील यादव सभासद, श्रीराम तीर्थ चौरसिया, मगन सरोज, (राघवेन्द्र सेक्टर प्रभारी), राकेश यादव (बूथ प्रभारी), शेषमणि ग्राम प्रधान, लाल जी मिश्रा, राहुल सरोज, अनूप शुक्ला, पवन सरोज, सुभाष, निगम सरोज आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में दूसरी ओर गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व एमएलसी व सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने शुक्रवार को जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के पुरे माना भुवालपुर, विक्रमपुर, बेर घाट माझिलहा, गरिवारी भुवालपुर, खूंटाघाट, पुरे मुस्तफा, पुरेराजू, पूरे घीसा सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर राम भवन सिंह, सूबेदार सिंह, राम सिंह, धनवंत सिंह राठौर, समरजीत पाल, बच्चू लाल सिंह, अनिल सरोज, प्रेमचंद्र, अरुण चैरसिया आदि लोग मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा प्रतापगढ़ में गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। प्रतापगढ़ के जिला महासचिव समाजवादी पार्टी अब्दुल कादिर जिलानी ने विधानसभा विश्वनाथगंज में जनसंपर्क किया और लोकसभा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के लिए जनसमर्थन माँगा।

# लोकतंत्र की मजबूती और विकास के लिए मतदान जरुरी

### एलायंस क्लब का मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में आज क्लब के पदाधिकारी व क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में दहिलामऊ, सिविल लाइन, सगरा आदि जगहों पर बैठक कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और विकास



शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाते क्लब के पदाधिकारी।

के लिए मतदान करना प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है।

आप सबका एक-एक मत अमूल्य है शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान में महिलाओं की भूमिका अहम है। लोगों को जागरुक करते हुए क्लब के पदाधिकारी 25 मई को जो सोएंगे 5 साल तक रोएंगे, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारे भी जोश खरोश के साथ लगा रहे थे। क्लब जिलाधिकारी महोदय के आवाहन पर शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक कर रहा है। इससे जिले के गौरव के साथ लोकतंत्र भी मजबूत होगा। सभी मतदाताओं ने नारे लगाकर 25 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ दयाराम मौर्य, आनंद मोहन ओझा, अमरनाथ गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, कुंज बिहारी लाल, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार, राजीव कुमार आर्य, राकेश कनौजिया, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि को मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई।

### आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अज्ञात कर्म से घर के सामने बने छप्पर में आग लग गई जिसमें रखा घर का सारा सामान चल कर दाग हो गया ग्रामीणों की घंटे मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह का भी पाया गया लेकिन तब तक हो गया। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के वशीरपुर गांव निवासी प्रदीप मुसहर के घर के सामने बने छप्पर में अचानक गुरुवार दस बजे आग लग गई।आग की लपटे बगल बने दो और छप्परों में पकड़ लिया, जिससे वहां रखा गृहस्थी का सामान गेहूं,चावल, कपड़ा विस्तार व साइकिल सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के शोर मचाने पर जुटे ग्रामीणों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना के घटना स्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों से काफी नाराज़ दिखें।

# आओ बनिए गुरसिख प्यारा में नजर आएंगी रनदीप कौर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीवी क्विज शो जो हर रविवार सुबह 10.30 बजे चरदीकला टाइम टीवी प्रसारित होने वाला, सिक्ख इतिहास, सिक्खों की उपलब्धियां, गुरबाणी की जानकारी देने वाला विश्व प्रसिद्ध टीवी क्विज शो है। सीजन 32 के आठवे एपिसोड में पंजाबी कालोनी निवासी रनदीप कौर/पत्नी सरदार मंजीत सिंह जो गुरमत ज्ञान मिशन द्वारा चयनित हुई। इस प्रोग्राम में प्रश्नों का उत्तर देती नज़र आएंगी। पिछले एपिसोड में अपने पांच प्रश्नों का सही उत्तर दिया। समय समाप्ति पर अब इस रविवार सुबह 10.30 बजे पुनः इसी कड़ी में प्रश्नों का उत्तर देती नज़र आएंगी।

इस बड़े प्रोग्राम में पहुंच कर इन्हें काफी ज्ञान हासिल हुआ। रनदीप कौर को श्री गुरु ग्रंथ जी का पाठ, गुरु इतिहास जानने व समझने का बहुत शौक है. उन्हें आओ बनिए गुरसिख प्यारा क्विज शो के बारे मे सेलेक्सन टेस्ट के माध्यम से पता चला और आपने काफी समय से तैयारी की। रनदीप कौर ने क्विज शो की तैयारी के लिए सरदार मंजीत सिंह गोबिंद का, गुरमत ज्ञान मिशन टीम का प्रतापगढ़, आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीम का दिल से धन्यवाद किया। यह जानकारी मंजीत सिंह गोबिन्द ने दी।

# शह और मात के खेल मे जुटी सपा और भाजपा, सांसद बोले अब तो मैदान खाली है

## जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं पर डोरे डालने की फिराक मे जुटी पार्टियां

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे ही दो प्रमुख पार्टियां अपने तरकश के तीरों को अंतिम धार देने मे जुट गयी है। भाजपा सांसद नर जहाँ मैदान खाली है के नारा देकर अपने कार्यकर्ताओं के मनोबल बढ़ाया है वहीं समाजवादी पार्टी जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं पर डोरे डालने की फिराक मे जुट गयी है। कुंडा और बाबागंज के मतदाता इस बार के चुनाव मे बड़ी भूमिका निभाते नजर आ सकते है। राजा भैया की पार्टी का चुनाव से अपने को अलग करना और कार्यकर्ताओं को स्वतंत्र करते हुए अपनी पसंद के प्रत्याशिओं को वोट देने के लिए स्वतंत्र करना किसी भी दल के लिए संजीवनी साबित हो सकता है।

शुक्रवार को समाजवादी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज अपने काफिले के साथ गंगा के तराई क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतो मे जन सम्पर्क किया और सपा के लिए वोट मांगा। यहाँ ध्यान देने वाली बात ये रही की भाजपा सांसद से नाराज लोगों की मौजूदगी सम्पर्क के दौरान मौजूद रही। इसी बीच सांसद की एक विडिओ काफी चर्चा मे है जिसमे उन्होंने कुंडा और बाबागंज के मैदान खाली होने की बात अपने समर्थको से कही और इसी वीडीओ के लब्बो लबाब ये रहा की एक बड़ा धड़ा सपा प्रत्याशी के साथ जा खड़ा हुआ, अब कुल मिलाकर कौशाम्बी की लड़ाई न सिर्फ चुनावी रह गयी है बल्कि इसका मिजाज अब व्यक्तिगत बनता जा रहा है जो आने वाले तीन दिनों में और गहराई तक जा सकता है। कौशाम्बी का चुनाव अब एक दिलचस्प मोड़ ले चुका है और ये कहना की इसका विजेता कौन बनेगा ये जल्दबाजी होगी। अब ये देखना दिलचस्प रहेगा की कुंडा और बाबागंज के मतदाता किसको अपना आशीर्वाद देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत मे पहुचाते है। एक तरफ भाजपा सांसद के दो कार्यकाल की उपलब्धियां है तो दूसरी तरफ उनके बिगड़े बोल से उपजे विवाद जो उनका पीछा छोड़ने का नाम नही ले रहे है और उनके ही दल स्थापित कार्यकर्ताओं सांसद के आचरण मे बदलाव नही आया है

### गड्ढे में गिरने से दो बच्चों की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हाईवे निर्माण करा रही एजेंसी की लापरवाही से दो बच्चों की गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। लोगों का कहना है कि तीन मीटर की जगह सात मीटर का गड्ढा बनाने से वह मौत का तालाब बन गया है। इलाकाई पुलिस की कार्यशैली को देख लोगों में आक्रोश फैला हुआ है। बता दें कि बाघराय इलाके के बारों गांव में गुरुवार की दोपहर गड्ढे में गिरने से दो बच्चो की मौत हो गई। बता दें कि गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए रायपुर गांव के पास मिट्टी निकासी के लिये बड़ा गड्ढा बना है जिसमें दो बच्चे गिर गये और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बच्चों की मौत से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### दहेज में कार मांगने पर पति सास ससुर सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई के आसलपुर गांव में दहेज में कार की मांग को लेकर एक विवाहिता को ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से भगा दिया गया। इस मामले में विवाहिता की तहरीर पर कंधई पुलिस ने पति, सास,ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। विवाहिता पुष्पा देवी पुत्री रामसुंदर निवासी गडौरी थाना पट्टी कोतवाली का कहना है कि उसकी शादी बीते 22 मई 2021 को आसलपुर गांव निवासी कल्लू वर्मा के पुत्र पवन के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा, उसके बाद ससुरालियों द्वारा दहेज में कार की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा। बीते चार मई 2024 को शाम चार बजे उसे ससुरालियों द्वारा दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगा दिया गया। एसओ कंधई प्रदीप कुमार ने बताया कि पुष्पा की तहरीर पर पति पवन पटेल, देवर अजय पटेल, सास चनरा देवी, ननद ज्योति वर्मा तथा ससुर कल्लू वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीएम एवं सामान्य प्रेक्षक ने ईवीएम वेयरहाउस में हो रहे कमिशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

### डीएम व सीडीओ ने कन्ट्रोल रूम व एमसीएमसी सेल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने लिये मतदान में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग का कार्य पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयरहाउस में हो रहा है। ईवीएम वेयरहाउस में हो रहे कमिशनिंग कार्य का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति (आई0ए0एस0) ने निरीक्षण किया और ईवीएम मशीनों में प्रत्याशियों के आवंटित चुनाव चिन्ह को सेट अपलोड, सील की प्रक्रिया को बारीकी से देखा। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कमिशनिंग का कार्य सम्पादित करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।



ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम व सामान्य प्रेक्षक।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित परिसर के आसपास अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रखें और कमिशनिंग हाल में चुनाव आयोग के गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे। उधर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संयुक्त रूप से विकास खण्ड सदर में बनाये गये कन्ट्रोल रूम एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का किया निरीक्षण किया। एमसीएमसी सेल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक एव सोशल मीडिया के रजिस्टरों का अवलोकन किया और प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में एमसीएमसी के प्रभारी अपर सांख्यिकीय अधिकारी एसपी सिंह ने जानकारी ली। एमसीएमसी निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसे पूरी सतर्कता एवं गम्भीरतापूर्वक किया जाये।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के छतौना गांव निवासी जितेन्द्र पुत्र राम सनेही (21) बर्ष राही पट्टी गांव में खंभे पर चढ़कर ग्यारह हजार बोल्टेज की पावर सप्लाई दुरुस्त कर रहा था। अचानक प्रवह करंट के चपेट में आ गया, जिससे वह धूं-धूं कर जलते हुए खंभे से नीचे गिर गया। आनन फानन में लोग जितेन्द्र को बदलापुर सीएचसी लेकर गए जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। लोगों ने ढकवा हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया था। आसपुर देवसरा के थाना अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह ने लोगों को समझा बुझाकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

# जाम और अतिक्रमण के झाम से जूझ रहा अझुवा

## फ्लाई ओवर, ब्रिज बना होता तो न होते विवाद, आवागमन रहता सुचारू

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशांबी।** द्वाबा की सबसे बड़ी मंडी में अझुवा का सुमार है ,सप्ताह के 2 दिन बुधवार और रविवार को यहां साप्ताहिक बाजार लगती है जहां किराना सहित विभिन्न जिन्सों के खरीददार और विक्रेताओं का बड़ी संख्या में आगमन होता है तो स्वाभाविक रूप से बाजार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग में चहल पहल रहती है नगर पंचायत क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग में न तो ओवरब्रिज बना है न फ्लाई ओवर घनी बस्ती है मजबूरी में व्यापारी जो सामान बाहर से मंगवाते है उसे राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन खड़ा करवा कर अपने गोदाम दुकान तक पहुंचाते हैं यदि राष्टीय राजमार्ग में वाहन खड़ा होगा तो स्वाभाविक रूप से जाम की समस्या आ सकती है।आती है जब जाम की समस्या हो जाती है पुलिस बल विरोध कर चालान काटता है तब विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे के समीप बने डिवाइडर के पास शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे आगे जा रहे ट्रक से पीछे जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे वाहन में भारी नुकसान हो गया रास्ता अवरुद्ध हो गया हालांकि किसी प्रकार की जन हानि नही हुई लेकिन लंबा जाम लग गया घंटो कड़ी मशक्कत से जेसेबी बुलाकर प्रशासन ने जाम खुलवाया।

वहीं लगभग सुबह 8 बजे एक व्यापारी अपना माल उतरवा रहा था थोड़ा बहुत जाम लग गया जिससे पुलिस बल हल्का बल प्रयोग कर वाहन के फोटो लेकर चालान करने की फिराक में आ गए इतने में तमाम व्यापारी इकट्ठा होकर विराध कर दिए और व्यापारियों ने कहा सर्विस लाइन खाली करा दो जिससे व्यापारी अपना वाहन खड़ा कर माल उतरवा सके। उसी समय भाजपा सांसद और उनका काफिला प्रधान मंत्री मोदी की रैली में शामिल होने फतेहपुर निकल रहा था अक्रोशित व्यापारियों ने सांसद से चौकी इंचार्ज की शिकायत कर दी सांसद ने पुलिस उच्चाधिकारियों से फोन कर चौकी इंचार्ज को अझुवा से हटाने को कहा है वहीं चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने कहा प्रधान मंत्री मोदी की रैली की वजह से यातायात रुल फालो किया जा रहा है व्यापारी राष्ट्रीय राजमार्ग में गाड़ी खड़ी करवाकर जबरिया यातायात व्यवस्था पर व्यवधान डाल रहा था ।यातायात के नियम सभी को मानने होंगे अन्यथा कार्रवाई होगी।

# जागो मतदाता जागो नोटा को जिताने में मान सम्मान एवं कौशाम्बी की भलाई है

**कौशाम्बी।** लोकसभा के चुनाव में इस बार किसी भी पार्टी ने कौशाम्बी लोकसभा सीट से साफ सुथरा नेक दिल अच्छा प्रत्याशी चुनाव मैदान में नही दिया है। यह सब ऐसे प्रत्याशी हैं कि चुनाव जीतने के बाद न तो दिखाई पड़ेंगे और न ही कोई विकास करेंगे जनहित और साफ सुथरी बात नहीं करेंगे सिर्फ और सिर्फ मंच और माइक से लंबी चौड़ी बात करके आम जनता के सम्मान को ठेस पहुंचाएंगे माफिया अपराधियों का वर्चस्व बढ़ाएंगे जनता को लूटने वाले अधिकारियों का जयकारा लगाएंगे संस्था की संपत्तियां सुरक्षित नहीं होंगी आम जनता की संपत्तियों को आधे दाम पर खरीदने की बात करेंगे इसलिए कौशाम्बी के समस्त सम्माननीय मतदाताओं से अपील करता हूं कि इस बार जब 20 मई को मतदान करने जाएं तो पार्टी लाइन से हटकर नोटा का बटन दबाकर नोटा को जिताने का काम करें, जिससे कौशाम्बी में फिर से चुनाव हो और साफ सुथरी बात न करने वाले इन नेताओं के जनता के अधिकार का ज्ञान हो इससे पूरे देश में एक संदेश जाएगा कि कौशाम्बी के मतदाता जागरुक हैं और पूरे देश के मतदाता कौशांबी के मतदाताओं से सबक ग्रहण करें नोटा के जीत जाने के बाद किसी भी राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व द्वारा फिर दोबारा कौशाम्बी में मतदाताओं के बीच मौका परास्त नेताओं को प्रत्याशी बना कर थोपा नही जा सकता है। राजनीतिक दल के नेताओं को यह एहसास हो जाएगा कि कौशाम्बी के मतदाता जागरूक हो गए हैं और आम जनता मतदाताओं का राजनीतिक दल के नेताओं के बीच सम्मान बढ़ेगा जिले के सभ्रांत लोगों ने कहा है कि आप सभी सम्मानित मतदाताओं से पुनः अपील करता हूं कि 20 मई को नोटा का बटन दबाकर नोटा को भारी से भारी बहुमत से जिताने का काम करें,इसी में आम जनता मतदाता के मान सम्मान एवं कौशाम्बी की भलाई है।

# कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा सी टी रवि का मनौरी में भव्य स्वागत

## मनौरी बाजार के व्यापारियों ने कैबिनेट मंत्री को आश्वाशन दिया की हम विनोद सोनकर को वोट देंगे



**मनौरी कौशाम्बी।** मनौरी बाजार में रतन केसरवानी ( अखिल भारतीय वैश्य समाज के कौशाम्बी जिलाध्यक्ष) के आवास पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर (श्रम एवम सेवायोजन विभाग) और कर्नाटक से भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सी टी रवि का भव्य स्वागत किया गया। दोनो नेताओं ने होने वाले लोकसभा के चुनाव के मद्देनजर मनौरी बाजार के व्यापारियों के साथ एक बैठक करके भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को विजयी बनाकर मोदी जी को प्रधान मंत्री बनवाने में सहयोग की अपील किया बैठक में मुख्यरूप से रतन केसरवानी, नरोत्तम दास केसरवानी प्रांतीय मंत्री व्यापार मंडल, राधेश्याम केसरवानी( वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कौशाम्बी व्यापार मंडल),सुधीर केसरवानी अध्यक्ष व्यापार मंडल मनौरी ,उमेश कुमार उर्फ दीपू केसरवानी महामंत्री व्यापार मंडल मनौरी, प्रदीप कुमार महामंत्री व्यापार मंडल मनौरी, प्रमोद कुमार केसरवानी, शारदा प्रसाद केसरवानी, रिंकू केसरवानी, शरद गुप्ता ,संजीव कुमार केसरवानी राजू भैया, चंदन केसरवानी भाजपा नेता, राजीव कुमार पत्रकार, अनिल कुमार केसरवानी, एस पी शर्मा आदि सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# 18 मई की सायं 06 बजे से कोई भी बाहरी व्यक्ति जनपद में नहीं रूकेगा

**कौशाम्बी।** प्रभारी अधिकारी आदर्श आचार संहिता/अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी में 20 मई 2024 को मतदान होना हैं। मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व अर्थात 18 मई की सायं 06 बजे से कोई भी बाहरी व्यक्ति जनपद में नहीं रूकेंगा। मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेंगा, सिर्फ मतदाता ही 200 मीटर की परिधि में जाकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। राजनैतिक दल प्रत्याशी बूथ के 200 मीटर की परिधि में प्रचार नहीं करेंगे। मतदान केन्द्र की 200 मीटर की परिधि के बाहर ही राजनैतिक दल/प्रत्याशी अपना बस्ता लगायेंगे, बस्ते में एक छोटा बैनर, 02 कुर्सी एवं एक मेज लगाने की अनुमति होंगी। कोई भी राजनैतिक दल प्रत्याशी मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी के पूर्व प्रमाणन के बिना प्रिन्ट मीडिया में विज्ञापन नहीं प्रकाशित करायेंगे। कोई भी राजनैतिक दल/प्रत्याशी धर्म, जाति एवं भाषा के नाम पर मतदाताओं से वोट की अपील नहीं करेंगे मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रलोभन पैसे का लालच, साड़ी, डराना धमकाना आदि नहीं करेंगे और न ही मतदाताओं को अपने संसाधन से मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने का कार्य करेंगे। प्रत्याशियों के निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की फिल्म वीडियों ऑडियों टी0वी एवं रेडियों पर प्रचार-प्रसार नहीं किया जायेंगा। वाहनों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार नहीं किया जायेंगा। दिनांक 18 मई 2024 की सायं 06 बजे से दिनांक 20 मई 2024 की सायं 06 बजे अर्थात मतदान की समाप्ति होने तक जनपद में स्थित आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर की दुकानें बन्द रहेंगी।

# 5 निर्मित 7 अर्ध निर्मित तमंचा के साथ पुलिस ने किया एक को गिरफ्तार

## सराय अकिल थाना क्षेत्र के जंगल में चल रही तमंचा फैक्ट्री का खुलासा करते हुए बरामद किया उपकरण

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में चल रही तमंचा फैक्ट्री का खुलासा करते हुए पुलिस ने फैक्ट्री संचालक राजेश कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी गुरैनी थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर लिया है जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री चल रही थी सटीक सूचना मिलने के बाद जिले की एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने तमंचा फैक्ट्री पर छापा मारा है एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अवैध तमंचा फैक्ट्री का खुलासा करते हुए बताया कि सराय अकिल थाना क्षेत्र के नंदा का पुरवा में जंगल में झोपड़ी में रात के अंधेरे में एलईडी बल्ब की रोशनी में अवैध तमंचे बनाए जा रहे थे,मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और एक युवक को गिरफ्तार किया हैअवैध शस्त्र फैक्ट्री से पुलिस टीम ने 5 निर्मित, 4 अर्द्ध निर्मित तमंचे तीन अधबने तमंचा बॉडी शस्त्र बनाने के उपकरण एवं कारतूस बरामद किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अदालत में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस की मौजूदगी में हुए हमले में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

## पिता ने पुलिस को पहले दी थी सूचना आइजीआरएस, रजिस्ट्री व स्वयं मिलकर नहीं हुई थी कार्रवाई

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर निवासी सुरेश कुमार सोनी पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है 10 मई को चायल चौकी में पुलिस के सामने कोटिया निवासी रामबालक व उसके पुत्रों के द्वारा सुरेश कुमार के साथ मारपीट की गयी थी मारपीट के बाद पुलिस ने पिता पुत्रों को गाड़ी में जैसे ही बिठाकर ले जाने लगे वैसे ही रामबालक व उसके पुत्रों ने चौकी के बाहर खड़े दूसरे पुत्रों व भतीजे को कहा हम लोग थाने जा रहे हैं यह भी थाने जा रहे हैं इनको थाने नहीं पहुंचने देना रास्ते में इनका काम तमाम कर देना जो होगा देख लेंगे वही हुआ भी जैसे ही सुरेश सोनी व उनके पुत्र प्रशांत कुमार पिपरी रोड मखऊपुर अमृतलाल पासी के घर के पास पहुंचे ही थे कि घात लगाए राम बालक सोनी के बेटा व भतीजा ने जानलेवा हमला कर पिता व पुत्र पर फरार हो गये थे पिता पुत्र पर हो रहे हमले पर पुलिस तमाशबीन बनी रही लोगों के हल्ला मचाने पर तमाम लोग एकत्रित हो गए हमले में घायल सुरेश का कई दिनों से इलाज चल रहा था गुड़गांव के वेदांता अस्पताल में गुरुवार की रात 11:30 बजे लगभग सुरेश की सांसे थम गई जैसे ही यह खबर परिवार जनों को हुई वैसे ही परिवार में कोहराम मच गया सुरेश सोनी के बेटे प्रशांत व इशांत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले को पहले संज्ञान में ले लेती तो आज मेरे पिता की जान नहीं जाती क्योंकि हमने पुलिस प्रशासन को आइजीआरएस वा खुद मिलकर वा रजिस्ट्री डाक द्वारा मामले की जानकारी दी थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस के सामने सुरेश पर हमले की घटना को 6 दिन बीत जाने के बाद दोषी जनों पर कार्यवाही नहीं हुई है सुरेश पर हमले के मामले में चौकी पुलिस की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं अभी तक चौकी पुलिस पर मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें निलंबित नही किया गया है।

# नगर पंचायत चरवा में पीएम आवास लाभार्थियों से जेई का दलाल कर रहा वसूली

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से जमकर वसूली हो रही है बताया जाता है कि 40000 की वसूली अवर अभियंता एक दलाल के माध्यम से करवा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से गरीब कमजोर योजना के पात्र वंचित रह गए हैं जब कि 40000 देने के बाद आपात्र लोगों की प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दी गई है जेई का यह दलाल धमसेड़ा गांव का बताया जाता है जो अधिकतर समय नगर पंचायत कार्यालय में मंडराता रहता है दलाल की वसूली के बाद प्रधानमंत्री आवास का लाभ अपात्र लाभार्थियों को आसानी से मिल जाता है और जिस व्यक्ति ने प्रधानमंत्री आवास में दलाल की वसूली में सहयोग नहीं किया उस

**पांच दर्जन लाभार्थियों से 25 लाख रुपए से अधिक की अधिकारियों के नाम पर दलाल ने की वसूली**



व्यक्ति को जांच के नाम पर प्रधानमंत्री आवास में अवरोध डाला जाता है सूत्रों की माने तो पांच दर्जन प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से 25 लाख रुपए की वसूली इस वित्तीय वर्ष में दलाल द्वारा अवर अभियंता और अधिकारियों के नाम पर की जा चुकी है अब इस वसूली में अवर अभियंता नगर पंचायत का कितना हिस्सा है अधिशासी अधिकारी कितना हिस्सा ले रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन खुलेआम प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही वसूली के मामले को अभी तक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है जिससे दलाल और नगर पंचायत के अवर अभियंता के हौसले बुलंद है दलाल के बढ़ते दखल के बाद गरीब कमजोर और योजना के पात्र प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं पा सके हैं यदि प्रधानमंत्री आवास योजना में लोगों को दिए गए आवास की उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो दो दर्जन से अधिक इस तरह के नाम सामने आएंगे जो योजना के अपात्र हैं और फिर भी योजना का लाभ उन्हें दिया गया है।

### 4 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले बाल अपचारी को 20 वर्ष की कठोर कारावास

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में ढाई वर्ष पहले चार वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले बाल अपचारी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने बाल अपचारी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है साथ ही साथ दोषी पर 25000 का अर्थदण्ड भी लगाया है घटना 30 सितंबर 2021 को करारी थाना क्षेत्र में घटित हुई थी मामले में पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बाल अपचारी को संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया था मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने बाल अपचारी को गंभीर अपराध का दोषी पाया और सजा से दंडित किया।

### पोलिंग भत्ता में भी होमगार्ड के साथ खेल!

**कौशाम्बी।** दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में जिले के होमगार्ड को चुनाव ड्यूटी हेतु सभी कंपनियों को 17 मई को एकत्रित किया गया लोकसभा चुनाव के दौरान दिए जाने वाला पोलिंग भत्ता रुपया 300 के बजाय 150 रुपया ही वितरण किया जा रहा है डेढ़ सौ रुपए जिला होमगार्ड अधिकारियों द्वारा संभवत गमन किया जा रहा है इस समय दुर्गा देवी इंटर कॉलेज में पैसे का वितरण किया जा रहा है चुनाव ड्यूटी में मिलने वाले रुपए में भी हेरा फेरी को लेकर के होमगार्ड के जवानों में आक्रोश प्राप्त है।

## न्यूज झरोखा

### हरे विशाल पेड़ को काटकर उठा ले गए लकड़ी माफिया

#### क्षेत्र में प्रत्येक महीने काटे जा रहे सैकड़ो हरे पेड़ की कटान पर रोक नहीं लगा पा रहा वन विभाग व पुलिस



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कारोबारियों वा लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलन्द है इलाके में सुबह से लकड़ी माफिया पेट्रोलिंग आरा मशीन और आधा दर्जन मजदूरों के साथ गांव क्षेत्र में हरे पेड़ काटने निकल जाते हैं प्रत्येक महीने क्षेत्र में सैकड़ो हरे पेड़ काटे जा रहे हैं यूटिलिटी वाहन से हरी लड़कियां भरकर बिना ट्रांजिट परमिट के दूसरे स्थान पर पहुंचाई जाती है सब कुछ बेखौफ तरीके से हो रहा है पुलिस वा वन विभाग पेड़ के कटान पर रोक नहीं लगा रहा है जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गौस गांव में फिर लकड़ी माफियाओं ने हरे विशालकाय गूलर के पेड़ को काटकर उठा ले गए है मामले की जानकारी होने के बाद भी लकड़ी माफिया पर कार्यवाही नहीं हुई है बताया जाता है कि मूरतगंज सैयद सरावा और उसके आसपास के गांव के एक दर्जन लकड़ी माफिया पेड़ की कटान में तेजी से सक्रिय हैं जिनका विभाग से गहरा रिश्ता है मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर पेड़ कटान पर रोक लगाए जाने की मांग क्षेत्र के लोगों ने की है

### बालिका के साथ मामा कर रहा अश्लील हरकत

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के थमसेड़ा गांव की एक दलित बालिका के साथ उसका मामा आए दिन अश्लील हरकत करता है जिससे दलित बालिका परेशान है मामा की हरकत पर परिवार के लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन समझने की वजह वह गाली गलौज और अभद्रता पर उतर आया है जिससे पूरा परिवार परेशान है बालिका ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है लेकिन मामा के प्रभाव के चलते उस पर कार्यवाही नहीं हो सकी है थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने के बाद बालिका ने मामले की सूचना ट्विटर एक्स के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को दी है जिस पर डीजीपी कार्यालय ने ट्विटर एक्स पर थाना पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

कौशाम्बी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विधवा महिला सोनिया देवी पति के मौत के बाद अपनी बेटी के घर कानपुर चली गई थी विधवा सोनिया देवी का एक घर चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में है कानपुर चले जाने के बाद सोनिया देवी के धमसेड़ा गांव वाले घर में ताला बंद था इस घर को सोनिया देवी ने गांव के लोगों से खरीदा था बंद ताला देखकर सोनिया देवी के भाई बरमदीन की नियत खराब हो गई और उसने मकान की दीवाल तोड़कर घर के अंदर रखा गृहस्थी का लाखो का सामान बर्तन कपड़ा चांदी के जेवर वा अन्य सामान को उठा ले गया है बताया जाता है कि सोनिया का भाई नगर पंचायत का दलाल है सामान ले जाने के बाद सोनिया के मकान के एक हिस्से को ध्वस्त करके मकान के एक हिस्से पर उसने कब्जा कर लिया है मकान कब्जा करने की साजिश में बरम दीन में अपने बेटे और पुत्रवधू को शामिल किया है सोनिया देवी के घर को अपना घर बताते हुए बरमदीन ने अपनी बहू गोमती देवी के नाम रजिस्ट्री कर दिया है अब सवाल उठता है कि जब यह मकान बरमदीन का नहीं था तो उसे मकान बिक्री करने का कहां से अधिकार मिला है बरमदीन के हेरा फेरी फ्रॉड में उसकी बहू गोमती देवी भी शामिल है जब सोनिया देवी ने भाई बरम दीन से मामले की शिकायत की तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है मामले की सूचना महिला ने कई दिनों पूर्व थाना पुलिस को दिया है लेकिन आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जिससे विधवा महिला परेशान है 17 मई को महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और शिकायती पत्र दे कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की है।

# जागरूक मतदाता मजबूत लोकतंत्र की निशानी

## ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने की मुहिम जारी



**कौशाम्बी।** मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है लोगों में भी मतदान का उत्साह दिखाई पड़ने लगा है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वीप के अंतर्गत सीबीसी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय प्रयागराज द्वारा नेवादा ब्लाक के रेही गांव में संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शपथ कार्यक्रम व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण मतदाताओं से न सिर्फ वोट डालने की अपील की गयी, बल्कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया और उनके अधिकार से भी अवगत कराया गया।कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने बताया कि जागरूक मतदाता मजबूत लोकतंत्र की निशानी है। उन्होंने कहा कि हम सब बहुत ही भाग्यशाली है कि हमें सरकार चुनने का अधिकार मिला है। इस अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत दल नौटंकी कला मंच प्रयागराज द्वारा मतदाता जागरूकता पर संदेशमूलक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सतेन्द्र कुमार, चन्द्र प्रकाश, जगमोहन, राकेश कुमार, पप्पू आदि को ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक बालमुकुन्द सिंह व अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतोष कुमार, बृजेन्द्र कुमार एडवोकेट, ओम प्रकाश एडवोकेट, बृजलाल फौजी, राम अभिलाष सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने बताया कि शनिवार को 10 बजे से विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज, काजीपुर कौशाम्बी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# पेड़ की डाल टूट कर गिरने से महिला कोटेदार की मौत

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में अचानक गिरी पेड़ की डाल में दबकर महिला कोटेदार की मौत हो गई,महिला कोटेदार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और जांच में जुट गई है ।सरायअकिल थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में शुक्रवार की सुबह अचानक आम के पेड़ की डाल टूटकर गिर गई,जिसमे दबकर महिला कोटेदार भगंती देवी उम्र 52 वर्ष पत्नी जगन्नाथ सरोज की मौत हो गई ,महिला कोटेदार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# विधवा को अपनी जमीन बनाने में व्यवधान डाल रहे दबंग

## डीएम एसपी के आदेश के उल्लंघन में सिंधिया चौकी पुलिस को तनिक भी भय नहीं लग रहा है

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव में विधवा सुमेरा देवी पत्नी रघुराज सरोज अपनी आरजी काश्तकारी गाटा संख्या 190 की जमीन पर निर्माण नहीं कर पा रही है आसपास के दबंग उसकी जमीन पर कब्जा की नियत बनाए हैं जब महिला अपनी जमीन पर निर्माण शुरू करती है तो दबंग ब्यवधान डालने लगते हैं और तमाम तरह की बहने बाजी कर सिंघिया चौकी पुलिस के पास पहुंच जाते हैं तहरीर का बहाना मिलते ही सिंधिया चौकी पुलिस विधवा को अपनी जमीन पर निर्माण करने से रोक देती है जिससे विधवा परेशान है एक तरफ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कहते हैं कि जमीन के मामले में राजस्व के सहयोग से ही पुलिस हस्तक्षेप करेगी लेकिन सिंधिया चौकी पुलिस है कि उसे डीएम एसपी के आदेश के उल्लंघन में तनिक भी भय नहीं लग रहा है महिला की जमीन राजस्व अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है लेकिन उसके बाद दबंगों द्वारा मिली तहरीर के बाद महिला को चौकी पुलिस निर्माण नहीं करने देती है जबकि राजस्व के मामले में राजस्व कर्मियों के बिना पुलिस को हस्तक्षेप करने से अधिकारियों ने रोका है विधवा की जमीन पर निर्माण में व्यवधान का यह पहला मामला नहीं है बीते कई वर्षों से चौकी पुलिस के सहयोग से दबंग विधवा को अपनी जमीन पर निर्माण नहीं करने देते हैं एक तरफ जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश लगातार दे रहे हैं लोकसभा चुनाव शुरू होने के पहले थाना और तहसील दिवस का आयोजन कर जमीनी विवाद के मामलों को निस्तारण करने का लगातार अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया जाता रहा लेकिन विधवा महिला को थाना दिवस तहसील दिवस में भी न्याय नहीं मिल सका है जिससे बिगड़ती कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## संपादक की कलम से

### मोदी की हिन्दू-मुस्लिम से तौबा का यथार्थ

भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान एक ऐसा मीडिया विकसित हुआ है जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से घरोबा जैसा है। यह कोई नवनिर्मित मीडिया नहीं है वरन विद्यमान मीडिया का ही बड़ा हिस्सा है जिसने अपने आप को मोदीमय कर लिया है। मोदी का वह समर्थक है सो वह भारतीय जनता पार्टी के हर काम-काज की तारीफ करता है। मोदी के मित्र उसके भी मित्र हैं और मोदी के दुश्मन उसके भी दुश्मन बन जाते हैं। मोदी के कहे को तर्कसंगत साबित करने से लेकर उनके हर फैसले को 'मास्टरस्ट्रोक' बतलाने वाला यह मीडिया कहने को स्वतंत्र है पर वह चलता है मोदी एवं उनकी पार्टी की विचारधारा के अनुरूप। देश के कुछ बड़े कारोबारी घरानों की मिल्कियत वाले इन मीडिया घरानों ने, जिनमें प्रकाशन वाला मीडिया है तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी- अपने उच्च शिक्षित व मोटी तनख्वाह वाले पत्रकारों को पिछले दशक भर से एक ही काम में लगा रखा है, वह है भाजपा की सरकार को बनाये रखना।
इनमें से कुछ पत्रकार बेहद मुंहलगे हैं जो भाजपा प्रवक्ताओं जैसे काम करते हैं। मोदी को जो कहना होता है, वे उनमें से कुछ को अपने साथ लेते हैं और कोई नयी बात करते हैं। इन बातों को प्रकाशित सामग्री के रूप में या स्टूडियो के जरिये लोगों तक पहुंचाया जाता है। इन्हीं पत्रकारों के जरिये लोगों को कभी पता चलता है कि मोदी ने कोई शिक्षा हासिल नहीं की है, तो वे ही जनता तक यह बात पहुंचाते हैं कि मोदी ने 35 साल भिक्षावृत्ति की है। उन्हीं के जरिये देश जान सका है कि मोदी जी ने कई वर्षों तक हिमालय में तपस्या की है। कुछ मोदी से सुनी तो कुछ अपनी कल्पना शक्ति के बल पर यह मीडिया दो हजार के नोट में चिप लगाता है तो गोबर में हीरा खोजता फिरता है। वैसे तो मोदी पत्रकारों से बहुत कम बात करते हैं। उनकी एक अदद प्रेस कांफ्रेंस के लिये पूरा देश 10 बरस से तरस रहा है। 'मन की बात' या जनता से बहुत दूर व सुरक्षित ऊंचाई पर बने मंचों से एकालाप के जरिये अपनी बात कहने के आदी हैं पीएम। वाराणसी से लोकसभा के लिये तीसरी बार अपना नामांकन भरने के बाद पतित पावनी गंगा मैया के तटों पर विचरण करते हुए मोदी ने यकायक सेक्यूलर चोला ओढ़ लिया। उन्होंने मीडिया वालों से कहा- 'जिस दिन मैं हिन्दू-मुस्लिम करने लगूंगा उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रह जाऊंगा।' उनका यह बयान सभी लोगों, खासकर उनके अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के लिये आश्चर्य और सदमे की तरह रहा होगा, लेकिन उक्त पत्रकार ने उनके इस बयान को बिग ब्रेकिंग के रूप में प्रसारित कर नाम तो कमा लिया, लेकिन पत्रकार-धर्म को पूरी तरह से गंगा में विसर्जित करते हुए। प्रेस कांफ्रेंस में तो किसी भी पत्रकार को ज्यादा सवाल करने का अवसर अक्सर नहीं मिलता पर ऐसे एक्सक्लूज़िव साक्षात्कारों में न सवालों की सीमा होती है, न समय की बंदिश। फिर उपरोक्त महिला पत्रकार ने क्यों मोदी से यह नहीं कहा कि, 'मोदी जी, हाल ही में आपने तो कांग्रेस के न्यायपत्र पर 'मुस्लिम लीग की छाया' बतलाया था और आपने लोगों से यह भी कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपके मंगलसूत्र छीनकर 'कई बच्चों वालों' को दे देगी,' या यह भी नहीं पूछा कि, 'मोदी जी, कांग्रेस का तो देश में पिछले 55 वर्षों तक राज रहा। उसने ऐसा तो कभी भी नहीं किया।' पत्रकार को मोदी जी के स्मरण में यह भी लाना था कि आप खुद कहते रहे हैं कि 'मैं कपड़े देखकर जान जाता हूं।' मोदी को वह सारा कुछ ध्यान दिलाना था कि कैसे 10 साल उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान करते हुए गुजार दिये।
खैर, मोदी से जितने लोगों ने हाल के वर्षों में साक्षात्कार किये हैं, उन्हें ध्यान से देखा जाये तो इस आरोप में दम दिखता है कि सवाल भी पहले से तय होते हैं और जवाब भी। तभी तो किसी भी प्रकाशित या प्रसारित इंटरव्यू में ऐसे कोई सवाल नहीं होते जो मोदी या भाजपा को असहज करते हों। न उनमें नोटबंदी समेत मोदी सरकार की तमाम असफल योजनाओं का जिक्र होता है, न ही मणिपुर का। न महिला पहलवानों के साथ होती ज्यादतियों का और न ही आदिवासी के सिर पर पेशाब करते भाजपा कार्यकर्ता का। न भ्रष्टाचारी कहे जाने वाले विरोधियों के भाजपा प्रवेश का और न ही इलेक्टोरल बॉन्ड्स का।
खैर, होगा भी नहीं। मोदी ने जो दावा किया था कि हिन्दू-मुस्लिम करने पर वे सार्वजनिक जीवन के योग्य नहीं रह जाते, वह (दावा) ज्यादा देर तक जिंदा न रह सका। अगली ही सुबह (बुधवार को) महाराष्ट्र के डिंडोरी की आम सभा में मोदी ने बयान दिया कि 'अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह सरकार के पूरे बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को दे देगी।' फिर, उसी दिन मुंबई की सभाओं में उन्होंने राममंदिर का जिक्र किया और कहा कि शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे जीवित होते तो बहुत दुखी होते क्योंकि 'नकली शिवसेना' (उद्धव ठाकरे गुट) ने राममंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का विरोध किया था जबकि बाल ठाकरे का सपना मंदिर निर्माण का था। सवाल है कि क्या मोदी व भाजपा का चुनावी विमर्श हिन्दू-मुस्लिम किये बिना सम्भव है? उत्तर है- नहीं, क्योंकि पिछले 100 वर्षों से भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक आधार धार्मिक विभाजन ही तो है। मोदी ने इससे तौबा कर ली तो उन्हें हटाने में न भाजपा-संघ देर करेगा न समर्थक-कार्यकर्ता।

### भारत के हथियार उद्योग में उछाल, निर्मित हो रहा है बड़ा बाजार

**– नन्तू बनर्जी**

भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निमार्ताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं।
भारत का रक्षा विनिर्माण उद्योग तेजी से देश की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभर रहा है और चुपचाप नवीनतम शेयर बाजार में एक उछाल ला रहा है। रक्षा निमार्ताओं के लिए इतना अच्छा समय पहले कभी नहीं था। निजी क्षेत्र के रक्षा विनिर्माण उद्यम भी पारंपरिक सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक हथियार निमार्ताओं की तरह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के 10 रक्षा शेयरों में पिछले एक साल में 446 फीसदी तक का उछाल आया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में हैं : एचएएल, मझगांवडॉक, भारत फोर्ज, भारत डायनेमिक्स, पारस डिफेंस एंड स्पेस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आइडियाफोर्ज, एमटीएआर टेक्नालॉजीज, डेटापैटर्न, सोलर इंडस्ट्रीज, गोवा शिपयार्ड और तनेजा एयरोस्पेस।
एसीईइक्विटी डेटाबेस के अनुसार, निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स ने 12 महीने की अवधि में 142प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जो बेंचमार्क निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जिसने इसी अवधि में 26प्रतिशत रिटर्न दिया है। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स के कुल 15 शेयरों में से 14 ने निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न दिया है। वहीं, 10 शेयरों में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। देश के आयुध विनिर्माण बाजार का आकार 2024 में 17.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। इसके 2029 तक 23.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत की हथियारों की मांग उनकी घरेलू आपूर्ति से कहीं अधिक है क्योंकि देश दुनिया का शीर्ष रक्षा उत्पाद आयातक बना हुआ है। ऐसा तब तक बने रहने की संभावना है जब तक घरेलू रक्षा उद्योग अमेरिका, रूस, चीन, यूके, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल जैसे दुनिया के शीर्ष हथियार विनिर्माण देशों में से कुछ के बराबर नहीं हो जाता।
अब तक भारत का सैन्य बजट अपनी सेना को खिलाने के लिए काफी छोटा रहा है, जो चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। कागज पर भारत का रक्षा बजट अमेरिका (832 अरब डॉलर), चीन (227 अरब डॉलर) और रूस (109 अरब डॉलर) की तुलना में 74 अरब डॉलर के साथ चौथा सबसे बड़ा है। वास्तव में, भारत का अधिकांश रक्षा बजट सैन्य कर्मियों के वेतन और पेंशन पर खर्च किया जाता है। विडंबना यह है कि 1.4 अरब नागरिकों के साथ दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत का वार्षिक रक्षा खर्च सऊदी अरब के 72 अरब डॉलर के सैन्य बजट के करीब है। सऊदी अरब की कुल जनसंख्या 37 मिलियन से भी कम है।
भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निमार्ताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को हथियार निमार्ताओं को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

# एक देश, एक रंगीला, दूसरा बर्दाश्त नहीं

**@ राकेश अचल**





हम तेजी से एक देश,एक निशान,एक विधान ,एक नेता ,एक भगवान की और आगे बढ़ रहे हैं, इसीलिए हमें इस देश में रंगीला भी एक चाहिए। दूसरा कोई रंगीला हम बर्दाश्त नहीं कर सकते,फिर चाहे वो श्याम रंगीला हो या राम रंगीला। इस देश में एक ही रंगीला है। दूसरे की कल्पना करना ही जुर्म है। राष्ट्रद्रोह है।
वाराणसी के श्याम रंगीला को कल तक कोई नहीं जानता था, लेकिन आज पूरा देश जान गया है। श्याम रंगीला हास्य कलाकार है। हमारे यहां हास्य कलाकारों को पहले जोकर ,बाद में विदूषक और अब कॉमेडियन कहा जाता है। कॉमेडियन श्याम रंगीला बनारस से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनका नामांकन खारिज हो गया है। उन्होंने वाराणसी से पर्चा भरा था. जांच के बाद श्याम रंगीला का पर्चा खारिज हो गया।
नामांकन रद्द होने के बाद उन्होंने कहा कि ह्यवाराणसी से नहीं लड़ने देंगे यह तय था, अब साफ हो गया। दिल जरूर टूट गया है, हौसला नहीं टूटा है। श्याम रंगीला की तरह 32 और लोगों के नामांकन पात्र खारिज कर दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी की मजबूरी थी कि वो ऐसा करे। यदि न करता तो उसकी छुट्टी हो जाती। बाकी का तो पता नहीं लेकिन श्याम रंगीला के नामांकन को लेकर देश में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं आयी है।
बनारस में माननीय मोदी जी को हराना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है। कांग्रेस के अजय राय की भी नहीं ,फिर भी राय लगातार तीसरी बार माननीय मोदी जी के सामने खड़े हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी का बस नहीं चलता अन्यथा वो राय साहब का नामांकन भी उसी तरह खारिज कर देता जिस तरह सूरत में हुआ ,जिस तरह खजुराहो में हुआ। जहाँ नामांकन रद्द नहीं हो सकता वहां सत्तारूढ़ दल प्रतिद्वंदी पार्टी के उम्मीदवार को खरीद लेता है या नाम वापस करा लेता है।
रंगीला यदि चुनाव लादते तो कोई आसमान नहीं टूट जात। रंगीला की तरह अन्य 32 लोग भी यदि मोदी जी के खिलाफ खड़े रहते तो भी आसमान को नहीं टूटना था लेकिन मोदी जी का दिल जरूर टूट जाता। जिला निर्वाचन अधिकारी को बनारस में ज्यादा से ज्यादा ईवीएम लगना पड़ती। मुमकिन है कि मोदी जी का नाम मशीन में पहले -दूसरे नंबर के बजाय सबसे नीचे होता। यदि ऐसा होता तो मुमकिन है कि मतदाता मोदी जी के कमल निशान तक पहुँच ही न पाता। रंगीला का दिल तोड़ने का काम निर्वाचन अधिकारी ने दिल पर पत्थर रखकर किया है। आखिर अघोषित राजाज्ञा भी तोकोई चीज होती है।
मैंने कल ही कहा था कि आज के लोकतंत्र में आम आदमी के लिए चुनाव लड़ने का कोई अवसर नहीं बचा है। करोड़,दस करोड़ नहीं बल्कि हजारों करोड़ के मालिक ही अब चुनाव लड़ते है, लड़ सकते हैं। श्याम रंगीला जैसों को ये अधिकार नहीं है और यदि है तो उसे आसानी से छीना जा सकता है।
श्याम रंगीला में इतनी कूबत नहीं है कि वो बनारस के जिला निर्वाचन अधिकारी के फैसले के खिलाफ किसी बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाये। श्याम रंगीला को चुप होकर घर ही बैठना पडेगा। यदि वो जिद करेगा तो उसे कॉमेडी करने से भी रोक दिया जाएगा, क्योंकि कॉमेडी करने पर भी एकाधिकार माननीय का है। वे देश के सबसे बड़े स्टेंडअप कमेडियन हैं। उनकी भाव मुद्राएं क्रूज पर साक्षात्कार देते समय अलग और रैली में अलग होती हैं। उनका अभिनय बहुआयामी है। उनके कपडे सब हास्य बोध करते हैं।
जिस देश में एक निशान,एक विधान,एक जुबान ,एक खानपान का सपना देखा जा रहा हो उस देश में श्याम रंगीला चुनाव कैसे लड़ सकता है ? माननीय के खिलाफ चुनाव लड़ने से रंगीला को केवल सुर्खियां मिलतीं, दुर्भाग्य से सुर्खियों पर भी माननीय का एकाधिकार कहिये या कॉपी राइट कहिये, है। आम आदमी को सुर्खी में रहने का भी अधिकार नहीं है। उसे केवल एक अधिकार प्राप्त है और वो है मताधिकार। गनीमत है कि एक दशक पुरानी सत्ता ने उससे उसका ये वाला मताधिकार नहीं छीना है। अभी तक सत्ता पक्ष की और से ये हौवा खड़ा नहीं किया गया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आ गयी तो आपके मंगलसूत्र,मकान और भैंसों के साथ ही आपका मताधिकार छीन लिया जाएगा।
देश में एक जमाने में रंगीला की तरह बहुत से ऐसे नागरिक थे जो अपनी सांकेतिक उपस्थिति से चुनाव को रोचक बनाया करते थे। हमारे अपने शहर ग्वालियर में एक जमाने में धरतीपकड़ हुआ करते थे। अनेक चायवाले थे लेकिन उनके नामांकन को कभी किसी प्रतिद्वंदी नेता ने न खारिज कराया और न उसके खड़े होना का बुरामाना, लेकिन अब दुनिया ही नहीं हमारा देश भी बदल रहा है। रंगीला और धरतीपकड़ की भूमिका हमारे सत्तारूढ़ दल के नेता खुद निभा सकते हैं, निभा रहे हैं। निभा इसलिए रहे हैं क्योंकि उनकी अपनी कोई विरासत नहीं है। इसलिए मजबूरी में भाजपा को भी उन्हीं ज्योतिषियों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिनका सहारा दूसरे लोग भी लेते हैं।
मै अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मैंने विधानसभा का चुनाव लड़ा लेकिन मेरे प्रतिद्वंदी तबके सत्तारूढ़ दल के मंत्री बालेंदु शुक्ल ने मेरा नामांकन रद्द नहीं कराया। मुझे चुनाव लड़ने दिया। मुझे खरीदने की कोशिश नहीं की। मुझे धमकाने की कोशिश नहीं की। जिला निर्वाचन अधिकारी से कुछ नहीं कहा, क्योंकि जब मैंने चुनाव लड़ा था तब मोदी युग नहीं था। शायद मोदी जी भी तब कहीं नहीं थे। यदि रहे भी होंगे तो उन्हें लोग श्याम रंगीला जितना भी शायद न जानते हों। इंदिरा गाँधी को रायबरेली से चुनाव हारने वाले राजनारायण जी भी समाजवादी राजनीति के श्याम रंगीला थे। एकदम फक्कड़। बात-बात पर हंसाते थे, खुद भी हसंते थे ,लेकिन राजनीति भी जमकर करते थे। मुझे लगता है कि भाजपा को श्याम रंगीला में कहीं राजनारायण के दर्शन तो नहीं हो गए।
बहरहाल श्याम रंगीला के साथ जो हुआ ,वो नहीं होना चाहिए था। चुनाव लड़ने वाले किसी भी नागरिक के साथ नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा हो रहा है तो इसके लिए देश और लोकतंत्र शर्मिंदा है। गनीमत है कि हम भारत में रहते हैं, स्लोवाकिया में नहीं। हालाँकि हम स्लोवाकिया की तरह अपने ही अनेक नेताओं के कत्ल के आरोपी रहे हैं। ईश्वर करे कि देश में कभी कोई सिरफिरा पैदा न हो। फिर हमारे नेताओं के जिस्म छलनी न हों। ये सुनिश्चित करने के लिए हमें श्याम रँगीलाओं को संरक्षण देना होगा। उन्हें चुनाव लड़ने का मौका देना होग। अन्यथा लोकतंत्र को लोकतंत्र कहने में संकोच होगा।
अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे मतदान के बाकी के चरणों में निर्वाचन अधिकारी किसी की कठपुतली न बनें। किसी को चुनाव लड़ने से जानबूझकर न रोकें। क्योंकि अभी इस देश में एक निशान है,एक संविधान है। एक किसान है, एक जवान है। समृद्ध अतीत है और संभावनाओं से भरा भविष्य है। वर्तमान कैसा है वो आपके सामने है ही।

# राहुल की राह पर राजनीति से उम्मीदें

**– सर्वमित्रा सुरजन**



सोनिया गांधी उनकी मां हैं, तो उनके साथ दुलार भरी तस्वीर का आना कोई अनोखी बात नहीं है, लेकिन पूरे देश में कई महिलाओं की (हर उम्र और वर्ग की) वैसी ही स्नेह भरी तस्वीरें बीते सालों में सामने आई हैं। इसलिए मौजूदा राजनैतिक, सामाजिक परिदृश्य में देश में प्यार, उदारता और कल्याणकारी माहौल बनाने की उम्मीद राजनीति की उस राह पर चलकर ही पूरी हो सकती है, जो गांधीजी की राह है, जो राहुल गांधी की राह है।
देश की जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता और मानवाधिकारों की पैरोकार शबनम हाशमी ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी के कंधे पर हाथ रखकर चल रहे हैं, उनके दूसरे हाथ में एक डलिया है और उन दोनों के साथ उनका पालतू कुत्ता भी घास पर टहल रहा है। इस तस्वीर में राहुल और सोनिया गांधी के बीच प्यार और ममत्व का वही जज्बा नजर आ रहा है, जो किसी भी मां-बेटे के बीच स्वाभाविक तौर पर होता है। शबनम हाशमी ने इस तस्वीर के साथ एक कैप्शन लिखा है, जो काबिले-गौर है। सुश्री हाशमी ने लिखा कि छप्पन इंच की नहीं एक ऐसी छाती चाहिए जिसमे मोहब्बत हो। जो अपनी मां से मोहब्बत करता है वह सब से मोहब्बत करने का जज्बा रखता है। यह बेहद ही खूबसूरत और नेचुरल फोटो है। और जिनको छप्पन इंच का शौक है उनकी फोटो देख कर लगता है जबरदस्ती माँ के साथ बैठा दिया है। इस कैप्शन में 56 इंच की छाती और मां के साथ जबरदस्ती बिठाने वाला तंज किस पर किया गया है, इसके अलग से खुलासे की जरूरत भी नहीं है। क्योंकि अब तो भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में श्री मोदी ने कैसे जन्मदिन या अन्य अवसरों पर अपनी मां के साथ तस्वीरें खिंचाई हैं। कभी वो उनके पैरों में बैठे हैं, कभी उनके हाथ से प्रसाद खा रहे हैं। हिंदुस्तान हो या दुनिया का कोई भी घर, कुछेक अपवादों को छोड़कर मांएं अक्सर अपने बच्चों को ऐसे ही प्यार से दुलारती और खिलाती हैं। इस जज्बात को किसी प्रचार की आवश्यकता कभी नहीं रही। लेकिन नरेन्द्र मोदी अपनी राजनीति को चर्चा में बनाए रखने के लिए कई बार अपनी मां को बीच में ले आए। अमेरिका में उन्होंने इस बात पर आंसू बहाए थे कि उनकी मां को दूसरों के घर बर्तन मांजना पड़ता था। भारत में उन्होंने नोटबंदी के फैसले के बाद एक तस्वीर में दिखाया था कि उनकी मां भी नोट बदलने के लिए कतार में खड़ी हुईं। जबकि वे प्रधानमंत्री की मां हैं, तो उन्हें आम लोगों की तरह कतार में लगने की कोई आवश्यकता नहीं थी। पर ऐसा हुआ, और इसकी बाकायदा तस्वीरें खींची गई, जिसका राजनीतिक मकसद अपने आप जाहिर हो गया। जब श्री मोदी की मां बीमार थी और अस्पताल में आईसीयू में थी, तब वे उनसे मिलने गए और वहां भी उनकी तस्वीरें खींची गईं। इस तरह माता और संतान के बीच के रिश्ते का राजनीतिकरण भी श्री मोदी ने मुमकिन कर दिखाया।
तीन दिन पहले ही रविवार को जब दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जा रहा था, तब नरेन्द्र मोदी प.बंगाल में एक सभा कर रहे थे और वहां उन्हें दो लोगों ने उनकी मां के साथ उनका एक चित्र उन्हें भेंट किया। जिस पर आभार प्रकट करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया मदर्स डे मना रही है, लेकिन भारत में तो हम 365 दिन मां की पूजा करते हैं। दुर्गा, काली और भारत मां की पूजा करते हैं। इसके बाद अपने भाषण में उन्होंने संदेशखाली की घटना का जिक्र छेड़कर टीएमसी पर हमला किया। इस पूरे चुनाव में कई बार नरेन्द्र मोदी नारी शक्ति का जिक्र कर चुके हैं। महिला उत्पीड़न पर विरोधियों को घेर चुके हैं। मगर मणिपुर पर वे कुछ नहीं बोल रहे हैं और बोलेंगे भी नहीं। क्योंकि उनकी अपनी मां हों या मातृ शक्ति, श्री मोदी के लिए वे राजनीति के औजार से अधिक कुछ नहीं हैं। मंगलवार को श्री मेदी ने वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल किया। यहां भी 2014 में उन्होंने मां गंगा वाला जुमला उछाल कर लोगों की भावनाओं का दोहन किया था। इस बार उनके नामांकन के एक दिन पहले 13 मई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर द प्रोटैगनिस्ट नाम के यूजर ने पोस्ट लिखी है कि उन्हें पता चला है कि उनकी मां को दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में रखा गया है।
क्योंकि नरेन्द्र मोदी वहां नामांकन के लिए आ रहे हैं। इस यूजर ने लिखा है कि मेरी 52 बरस की मां इस कायर के लिए खतरा हैं। बता दें कि इस यूजर को दो दिनों से अपनी मां के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा था और इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में दर्ज कराई थी, लेकिन उन्हें अब खबर मिली अपनी मां के हिरासत में होने की। इस पूरी घटना का कारण और उसका सच शायद कुछ दिनों में बाहर आए, लेकिन नरेन्द्र मोदी देवी शक्ति, मातृ शक्ति की बात क्यों करते हैं और किस तरह उन महिलाओं का अपमान करते हैं, जो उनके विरोध में हैं या विरोधी खेमे में हैं, यह सच अनेक अवसरों पर उनके बयानों से जाहिर हो चुका है।
बहरहाल, शबनम हाशमी ने राहुल और सोनिया गांधी की तस्वीर में नजर आ रहे स्वाभाविक प्रेम और सुंदरता की तारीफ तो की ही है, लेकिन इसके आगे उन्होंने जो कुछ लिखा है, वह आज और प्रासंगिक हो जाता है। शबनम हाशमी ने अपने राजनैतिक रुझान और कांग्रेस के बारे में अंग्रेजी में लिखा है कि 1976 में मैं जब कॉलेज में दाखिल हुई तो पहली राजनैतिक भागीदारी आपातकाल के विरोध में हुई। इसके बाद 1989 में मैंने कांग्रेस से जुड़े गुंडों की वजह से अपने भाई सफदर हाशमी को खोया। लेकिन 2002 के बाद मैंने गुजरात में कांग्रेस को करीब से देखा। राहुल गांधी ने मुझे उम्मीद दी है। हजारों किमी की यात्रा और लाखों लोगों से संवाद के बाद अब राहुल एक बदले हुए व्यक्ति हैं। उन्होंने मुझे उम्मीद दी है कि मानवता से भरे समाज निर्माण का सपना संभव है। उन्होंने साबित कर दिखाया है कि इस समाज से प्यार, कल्याण और उदारता अभी खत्म नहीं हुई है। मैं उम्मीद करती हूं कि देश की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते, विमर्श, चर्चा और मतभिन्नता को साथ लेकर चलते हुए कांग्रेस राहुल की राह पर आगे बढ़ेगी।
शबनम हाशमी ने पूरी साफगोई से अपनी बात रखी है कि उनका रुझान हमेशा से कांग्रेस की तरफ नहीं था, लेकिन राहुल गांधी में उन्हें उम्मीद दिखाई दे रही है। शायद यही राहुल गांधी की ताकत है। या यह भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने राजनीति के जिस तरीके को अपनाया है, यह उसकी ताकत है। गांधीजी इसी ताकत के साथ अंग्रेजों से लेकर देश के राजनैतिक दिग्गजों के सामने खड़े होते थे। जिस वजह से उनसे कट्टर मतभिन्नता रखने वाले भी उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते थे। राहुल गांधी, गांधी नहीं हैं, लेकिन आज के दौर में उन्होंने देश में वही उम्मीद भरी है, जो एक वक्त में गांधी के कारण गुलाम भारत में आम लोगों में भर गई थी।

## मोदी के चुनाव भाषण : झूठ और जहर का सैलाब

**– राम पुनियानी**

इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम। भाजपा की प्रचार मशीनरी काफी मजबूत है और पार्टी का पितृ संगठन आरएसएस इस मशीनरी की पहुंच को और व्यापक बनाता है। आरएसएस-भाजपा के प्रचार अभियान का मूल आधार हमेशा से मध्यकालीन इतिहास को तोड़मरोड़ कर मुसलमानों का दानवीकरण और जातिगत व लैंगिक पदक्रम पर आधारित प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति का महिमामंडन रहा है। संघ परिवार समय-समय पर अलग-अलग थीमों का प्रयोग करता आया है। एक थीम यह है कि मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों को तोड़ा। राममंदिर आन्दोलन का मूल सन्देश यही था। फिर देश की सुरक्षा भी एक प्रमुख थीम है, जिसमें पाकिस्तान को भारत का दुश्मन बताया जाता है। बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के पहले वे अन्य मुस्लिम-विरोधी थीमों के अतिरिक्त, मुसलमानों के भारतीयकरण की बात भी किया करते थे।
पिछले एक दशक में उन्होंने 'अच्छे दिन' की बात की और कई दूसरे जुमले भी उछाले, जैसे महिलाओं की सुरक्षा, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आएंगे और हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। कांग्रेस को भ्रष्ट पार्टी सिद्ध करने का प्रयास भी किया गया। आरएसएस से जुड़े संगठनों के समर्थन और उनके तत्वावधान में अन्ना आन्दोलन चलाया गया जिससे कई सालों तक लोगों के दिमाग में यह बैठा रहा कि कांग्रेस भ्रष्ट नेताओं की पार्टी है। फिर 2019 के चुनाव में पुलवामा-बालाकोट को मुद्दा बनाया गया और हमें बताया गया कि केवल भाजपा की सरकार ही देश की रक्षा कर सकती है। हालांकि इस पूरी अवधि में मुस्लिम-विरोधी प्रचार भी जारी रहा। कहने की जरुरत नहीं कि आरएसएस-भाजपा के प्रचारक सत्य और तथ्यों को बहुत महत्व नहीं देते।
इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम। इसके बाद भाजपा-आरएसएस ने अपने पुरानी तरकीब एक बार फिर अपनाने का निर्णय किया। वह तरकीब है मुसलमानों की खिलाफत और समाज को धार्मिक आधार पर बांटना।
श्री मोदी ने मुसलमानों को अपना चुनावी मुद्दा बना लिया और इसके लिए समाज के कमजोर वर्गों (आदिवासी, दलित और धार्मिक अल्पसंख्यकों) के साथ न्याय, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार और इंटर्नशिप आदि का वायदा करने वाले कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र का इस्तेमाल किया। आरएसएस और उससे जुड़े संगठन, समाज के कमजोर वर्गों के साथ न्याय के पुराने विरोधी रहे हैं। सन 1925 में आरएसएस की स्थापना ही इसलिए हुई थी क्योंकि दलित अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगे थे और महिलाओं की समाज में सक्रियता और हिस्सेदारी बढ़ने लगी थी। भाजपा को यह अहसास हो गया कि आरक्षण और सकारात्मक भेदभाव की नीतियों पर राहुल गांधी के जोर देने का जनता पर सकारत्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब भाजपा खुल कर तो यह कह नहीं सकती थी कि वह आरक्षण की विरोधी है साथ ही, उसे राहुल गांधी के बढ़ते ग्राफ से भी निपटना था। इस दिशा में पहला कदम था संघ के मुखिया की यह गलतबयानी कि आरएसएस कभी आरक्षण का विरोधी नहीं रहा है। दूसरी ओर मोदी नई खिचड़ी पका रहे हैं। वे कह रहे हैं, '...कांग्रेस दलितों और पिछड़ों के लिए निर्धारित कोटा को घटा कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है, जो संविधान के खिलाफ है। बाबा साहेब ने आरक्षण का जो अधिकार दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिया था, उसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं।'

# प्रेक्षकों को डीएम ने मतदान बाबत दी जानकारी

## मतदान में फोन समेत न करें प्रवेश, सवेरे जल्द करायें मतदानः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को प्रेक्षक श्रीमती वी कलाईराशि की अध्यक्षता व पुलिस प्रेक्षक जय विश्वास, व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती तथा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर की मौजूदगी में जिले में मतदान तैयारी व एसओपी की समीक्षा बैठक हुई।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने स्लाइड से पोलिंग स्टेशन, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, कैश सीजर, ज्वलंत/क्रिटिकल पोलिंग बूथ, अंतर्राज्जीय सीमाओं पर चेक पोस्ट, चेक पोस्ट बैरियर आदि बिंदुओं पर प्रेक्षक को जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 20 मई को मतदान है। भारत निर्वाचन आयोग की



प्रेक्षकों को जानकारी देते डीएम।

गाइडलाइन अनुसार सभी थानाध्यक्ष व पुलिस बल के साथ बैठक की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 851 पोलिंग स्टेशन है। सभी पोलिंग स्टेशनों पर बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहेंगे। जिले में 87 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 21 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात हैं। अतिरिक्त सुरक्षा बल भी पोलिंग बूथ पर मुस्तैद रहेंगे। किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए।

पुलिस प्रेक्षक जय विश्वास ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी जो बूथ पर रहेंगे, वहां साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था संबंधित अधिकारी दुरुस्त करायें। सेक्टर मजिस्ट्रेटों का जिन सड़कों से आवागमन हो, वे सही होने चाहिए। किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। पार्टी रवानगी से पहले यातायात का निरीक्षण करें, तब गाड़ियों को निकाले। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि जिस चेक पोस्ट को चेक किया जा रहा है, उन टीमों को वीडियोग्राफी व वॉइस रिकॉर्डिंग करते रहें। चेक पोस्टों पर तगडी जांच होती रहे। सीएमओ ने कहा कि आशाओं समेत मेडिकल किट व ओआरएस घोल बूथ पर रहेगा। व्हीलचेयर व एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जले में अंतर्राज्यीय/अंतर जनपदीय सीमा पर शराब दुकानें व अन्य मंदिरा दुकानें 18 मई की शाम छह बजे से बंद होकर मतदान समाप्ति 20 मई तक बंद रहेगी। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि सभी बसें व छोटे वाहन 18 मई को चित्रकूट इंटर कॉलेज में उपलब्ध रहेंगे।

जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि कहीं भी कानून व्यवस्था की समस्या नहीं होनी चाहिए, अभी से देख लें। मतदान समय से शुरू हो जाए। सवेरे ज्यादा भीड रहती है तो जल्द मतदान करायें। पुलिस कर्मियों का भी सहयोग लें। मतदान स्थल पर पहले पुलिस कर्मी किसी को रोके नहीं, चिन्हित करने वाले ही रोकेंगे। लगता है कि सही नहीं है तो पीठासीन अधिकारी को सूचित करें। मतदान स्थल पर आधार कार्ड, वोटर कार्ड, एपिक कार्ड रहना अनिवार्य है। मोबाइल फोन समेत बूथ में प्रवेश नहीं होना चाहिए। इस बाबत साइन बोर्ड लगायें। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, कर्वी सौरभ यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह समेत संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



ड्रोन कैमरे से सीतापुर का दृश्य।

## सर्विलांस ने ड्रोन कैमरे से सीतापुर-भरतकूप में की निगरानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव व विभिन्न वीआईपी कार्यक्रमों के मद्देनजर सुरक्षा के लिहाज से प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में सर्विलांस टीम ने सीतापुर व भरतकूप के विभिन्न स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की। शुक्रवार को सर्विलांस/एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में टीम ने लोस चुनाव में वीआईपी लोगों के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा के लिहाज से ड्रोन कैमरे से संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध लोगों की जांच की। ये जांच पूरे जिले के नगरों, कस्बों व ग्रामीण इलाकों तथा वन क्षेत्रों में जारी रहेगी। ड्रोन कैमरे से संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। कहीं कोई अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस प्रभावी कार्यवाही करेगी।

# विहिप ने शत-प्रतिशत मतदान को भरी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व हिंदू परिषद ने चित्रकूट के केशवगढ़ में संत सम्मेलन कर सभी संतो से एकराय होकर राष्ट्रहित में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। चित्रकूट जिले के प्रत्येक प्रखंडों के खंड स्तर पर राष्ट्रहित में मतदान का आग्रह करने की ठानी है।

शुक्रवार को विहिप ने तय किया कि प्रत्येक प्रखंडों के खंड स्तरीय ग्राम पंचायत में संतों की टोलियों में संत व विहिप पदाधिकारी चार सौ बैठकें करेंगे। क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र व प्रान्त सह मंत्री अभिनव ने संत सम्मेलन के संचालक प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख राकेश,




बैठक करते विहिप पदाधिकारी।

जिलाध्यक्ष राजेंद्र, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, जिला संगठन मंत्री ऋषभ, जिला मंत्री नीरज केशरवानी, जिला सह मंत्री अर्चन, सिद्धार्थ पांडे, जिला उपाध्यक्ष जमुना, जिला संयोजक अंकित, सहसंयोजक प्रणव भारद्वाज, शिवेंद्र, अव्यय जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मृदुल, जिला मठ-मंदिर प्रमुख अजय, जिला गोरक्षा प्रमुख विमल, विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारी अभियान में शामिल रहेंगे। तय किया कि राष्ट्रहित में मतदान को लोगों को प्रेरित किया जायेगा।

## छह जून तक धारा 144 लागूः एडीएम

**चित्रकूट। अपर** जिला मजिस्ट्रेट/कृते जिला मजिस्ट्रेट उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के आदेश से जिले में धारा 144 लागू है। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि 20 मई को मतदान व चार जून को मतगणना होनी है। आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है। चुनाव बाबत सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। मतदान तिथि से 48 घंटे पहले जनसभायें, सार्वजनिक प्रचार-प्रसार बन्द करने, मतदान केन्द्र से सौ मीटर दायरे में मतदान अधिकारियों, मजिस्ट्रेटों, सुरक्षा व्यवस्था बाबत अधिकारियों व मतदाताओं के अतिरिक्त अन्य लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित है। ओपिनियन एक्जिट पोल का प्रचार सोशल मीडिया में प्रतिबंधित है। मतदान व मतगणना शान्तिपूर्ण कराने को छह जून तक 144 लागू की जाती है।

# भाजपा की जीत को डिप्टी सीएम ने की बैठक, दूर की ब्राम्हणों की नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव मतदान की तारीख 20 मई के नजदीक आने के मद्देनजर बुंदेलखंड की बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के प्रति ब्राम्हणों में नाराजगी दूर करने को सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शुक्रवार की शाम बिन्दीराम होटल में क्षेत्रीय प्रधानों से बैठक की।

शुक्रवार को हुई बैठक में सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने



डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

कार्यकर्ताओं व ब्राम्हणों से कहा कि जो ब्राम्हण भाजपा का विरोध कर रहे हैं या जो ब्राम्हणों का ठेका लिए है, उनके घरों के मत भी भाजपा को मिल रहे हैं। जो ब्राम्हण भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल से दूरियां बनाये हैं। वे सभी लोग नाराजगी दूर कर हर हाल में भाजपा प्रत्याशी को जिताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में जुट जायें। भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला आदि भाजपा के कार्यक्रमों से दूरियां बनाये हैं। पूर्व सांसद की बयानबाजी भाजपा से बगावत करती दिख रही है। इसे लेकर ब्राम्हणों को साधने को डिप्टी सीएम ने बैठक कर सभी ब्राम्हणों को समझाया कि ये समय भाजपा से दूरियां बनाने का नहीं है, सभी लोग एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर भाजपा को जितायें। इसी क्रम में भाजपा में चल रही गुटबाजी व भितरघात दूर करने को शनिवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा होगी। अमित शाह बांदा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे, तब शायद भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके।

# चुनावी जनसभा में गूंजा निषाद समाज की बेटी के दुष्कर्म मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में निषाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष/कैबिनेट मंत्री डा संजय निषाद की सभा में निषाद समाज के लोगों ने निषाद समाज की नाबालिग लडकी के शोषण का मुद्दा उठाया।

गुरुवार को देर शाम राजापुर में हुई जनसभा में डा संजय निषाद ने तीन घंटे देरी से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को भारी बहुमत से जिताकर संसद भेजने की अपील की। सभा में निषाद समाज की नाबालिग बेटी के दुष्कर्म का मामला खूब गरमाया। निषाद समाज के लोगों ने दुष्कर्म आरोपी पूर्व बसपा विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के



किसी के बहकावे में न आयें ब्राम्हणः गंगाधर मिश्र।

पुत्र बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी का खुला विरोध जताया। निषाद समाज के नेताओं ने कहा कि बसपा प्रत्याशी के तिरहार में प्रचार को आने पर भगाने का निर्णय लिया। निषाद समाज के बुजुर्ग नेताओं समेत युवा नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को खुला समर्थन देने को ऐलान किया। इन नेताओं ने विरोधी दलों के प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने हमेशा निषाद समाज का तिरस्कार किया है। निषाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा संजय निषाद के भाजपा में आने से निषाद समाज को न्याय मिलने लगा है। योगी-मोदी ने निषाद समाज को सम्मान दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्र ने सभी नगरवासियों से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को विजयी बनाने की अपील की। सभा में ब्लाक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्रा ने ब्राम्हण समाज की एकजुटता पर कहा कि लगभग 80 फीसदी ब्राम्हण भाजपा के साथ हैं। जो भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को चुनाव जिताकर संसद भेजेगा। कुछ लोग तेजी से अफवाहें फैला रहे हैं कि ब्राम्हण समाज भाजपा से नाराज हैं, ये गलत है। ब्लाक प्रमुख मिश्र ने कहा कि वे भी ब्राम्हण हैं, भाजपा के साथ हैं। ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी व ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी भी ब्राम्हण हैं। पूरी तन्मयता से आरके सिंह पटेल को जिताने में लगे हैं। किसी के बहकावे में न आयें। भाजपा प्रत्याशी को जिताकर योगी-मोदी के हाथों को मजबूत करें। जनसभा में निषाद समाज के तमाम लोग शामिल रहे। सभी ने संकल्प लिया कि भाजपा प्रत्याशी को जितायेंगे।

## वांछित-वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी दबोचा है।

शुक्रवार को मानिकपुर थाने के दरोगा राजोल नागर ने सिपाही कमलेश जायसवाल के साथ घर में घुसकर छेडछाड के वांछित अनिल पुत्र नानकुनी भैरमपुरवा उमरी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा यूटी किशन कुमार ने सिपाही संतोष कुमार के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी रामलखन पुत्र स्व केशव प्रसाद गंगू का पुरवा कौहारी को गिरफ्तार किया।

# निष्पक्ष चुनाव को मुस्तैद रहें पुलिस कर्मीः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारी के साथ गोष्ठी कर पांचवे चरण में जिले में होने वाले लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शिता से सकुशल संपन्न कराने को दिशा-निर्देश दिये।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों से कहा कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। मतदान ड्यूटी में लगे सभी पुलिस कर्मियों को स्वादिष्ट लंच पैकेट दिया जाये। सभी थाना प्रभारी



एसपी अरुण कुमार शुक्ला।

सीपीएमएफ से मिले पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण करते रहें। गोष्ठी दौरान चुनाव सेल प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, प्रवीण कुमार सिंह व सभी थाना प्रभारी/निरीक्षक मौजूद रहे।

# दो बाइक सवारों को डम्फर ने कुचला, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र में बाइक से घर लौट रहे दो दोस्तों को बेकाबू डम्फर ने रौंद डाला। दोनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे बाद डम्फर लेकर चालक फरार हो गया। पुलिस ने शिनाख्त बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ये हादसा पहाडी थाना क्षेत्र के कुचारम गांव में गुरुवार को देर शाम हुआ। बताया गया कि कुचारम का बिजली लाइनमैन राजा कुशवाहा (23) प्रतिदिन की भांति बिजली पावर हाउस गये थे। देर शाम वह बाइक से गांव के दोस्त श्रवण खंगार (22) के साथ लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही दोनों सिकरीसानी गांव के मोड़ पर पहुंचे, पीछे से तेज गति से आ रहे डम्फर ने बाइक में ठोकर मार दी। दोनों छिटककर सड़क पर गिरे तो डम्फर के पहिये की चपेट में आ गए। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने डम्फर रोकने का प्रयास किया। चालक तेज गति से डम्फर लेकर फरार हो गया। सूचना पर 20 मिनट में यूपी 112 टीम पहुंची। राहगीरों की मदद से दोनों को सीएचसी लाया गया। दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंची थाना पुलिस ने दोनों की शिनाख्त बाद परिजनों को सूचना दी। जानकारी होते ही सीएचसी में मृतकों के परिजन पहुंचे।



हादसे के बाद लगी भीड।

परिजनों में कोहराम मच गया। तेज रफ्तार से चलने वाले डम्फर व ट्रकों पर गति नियंत्रण न होने के लिए पुलिस को दोषी ठहराया। बालू या खनिज सामग्री ले जाने को वाहन तेज गति से कस्बे में भगाते हैं। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## निर्दल प्रत्याशी ने जिला निर्वाचन अधिकारी पर लगाए आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सामान्य लोकसभा निर्वाचन में अपनी दावेदारी सुनिश्चित कर रहे दावेदारों में निधन प्रत्याशी हरकेश बहादुर पांडेय ने नामांकन किया हुआ था बुधवार को पत्रावलियों की जांच हो रही थी इसके बाद नामांकन स्थल पर पहुंचे प्रत्याशी हरिकेश बहादुर पांडेय का नामांकन पत्र रद्द हो गया। नामांकन रद्द होने के बाद बौखलाए निर्दल प्रत्याशी ने मीडिया से बातचीत करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि किसी प्रत्याशी के दबाव में आकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह पर्चा दबा दिया है जिसके चलते वह चुनाव मैदान से बाहर हो गए।

# बंधिन में रामजानकी मंदिर का मना छठा वार्षिकोत्सव

## धार्मिक आयोजन बाद हुआ भंडारा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र के बंधिन गांव में रामजानकी मंदिर में छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गांव में शोभायात्रा निकालकर अखंड कीर्तन व विविध धार्मिक आयोजन बाद भव्य भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

शुक्रवार को बंधिन गांव में राममिलन गौतम के स्थापित रामजानकी मंदिर का प्रति वर्ष वार्षिकोत्सव होता



शोभायात्रा निकालते ग्रामीण।

है। मंदिर के वार्षिकोत्सव में तीर्थक्षेत्र के संतजन बड़ी तादाद व पाठा के ग्रामीण हिस्सा लेते हैं। छठे वार्षिकोत्सव में अखंड रामनाम कीर्तन, सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों की बयार बही। पूर्णाहुति बाद विशाल भंडारा हुआ। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बूडे हनुमानजी मंदिर सीतापुर के पुजारी रामजी दास महराज व भाई ज्ञानू मिश्रा ने अतिथियों की आवभगत की। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक/कथा व्यास डा रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि कलयुग में नाम को आधार बताया गया है। रामनाम के सुमिरन से व्यक्ति को लौकिक व पारलौकिक सुखों की प्राप्ति होती है। एक घड़ी आधी में पुनि आधि तुलसी संगत साधु की हरहिं कोटि अपराध- प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में सदाचारी व धार्मिक होना चाहिए। मंदिर आदि बनवाने से व्यक्ति का नाम अमर हो जाता है। कई पीढ़ियों तक लोग पुरखों को याद रखते हैं। रामायनी कुटी के पुजारी राकेश महराज, राजू करवरिया, शंकर दयाल, इंद्रपाल, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेत भारी तादाद में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# बच्चों को स्कूल में मिल रहा घर जैसा माहौल

## प्रअ राजू यादव से खुश हैं छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उफरौली में चहक व अभिभावक उन्नयन गोष्ठी का शुभारम्भ गांव के वरिष्ठ रामशिरोमन ने किया। संचालन कक्षा चार की छात्रा आस्था मिश्रा ने किया। सरस्वती वंदना/स्वागत गीत के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू यादव ने चहक के उद्देश्य पर रोशनी डाली।

शुक्रवार को प्रधानाध्यापक राजू यादव ने बताया कि सत्र की शुरुवात में छह साल की उम्र पूरी कर चुके बच्चों का नामांकन विद्यालय मे हो रहा है। स्कूल चलो अभियान चलाया गया। बच्चों के नामांकन बाद उन्हें विद्यालय में घर जैसा माहौल मिले, विद्यालय को उनके अनुसार कक्षा कक्ष को ढाला जा रहा है। चहक किट, पोस्टर, बिग बुक, गणित किट व अन्य खेल सामग्री व्यवस्थित ढंग से रखी जाती है। दो सप्ताह बाद बच्चों को 12 सप्ताह के कैलेंडर से स्कूल की



चहक में चहकते बच्चे।

गतिविधियां कराई जाती हैं। चहक में बच्चों का प्रबंधन अभिभावकों के सामने होता है। वे बच्चे के बौद्धिक व ज्ञान की परख करते हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पूरे सत्र का कैलेंडर रहता है। इसी अनुसार बच्चों को भाषा व गणित में निपुण बनाने का कार्य किया जाता है। उन्होंने चहक में छोटे-छोटे बच्चों के लिए समाज सेवी सरिता देवी ने आरओ दिया, जिससे बच्चों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। बच्चों ने अपना परिचय दिया। स्वच्छता संदेश की लघु नाटिका पेश की। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। अभिभावकों ने मौजूद सभी बच्चों को आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में हजारी प्रसाद, शेखर प्रताप, रामबली सहायक अध्यापकों व राजलाल, मेवालाल शिक्षामित्र ने सहयोग किया। अंत में प्रधानाध्यापक राजू यादव ने ग्रीष्म अवकाश में अध्ययन करने व सुरक्षा पर चर्चा की। सभी अभिभावकों के प्रति आभार जताया।

## बीडीओ विपिन कुमार बने उपायुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक में तैनात रहे बीडीओ विपिन कुमार के उपायुक्त पद पर पदोन्नति होने पर मातहत कर्मचारियों व समाजसेवियों ने खुशी जताई है। शुक्रवार को जिले के विभिन्न विकास खंड कार्यालयों में तैनात रहे खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार का उपायुक्त पद पर पदोन्नति होने पर कर्मचारियों व समाजसेवियों ने खुशी जताते हुए कहा कि विपिन कुमार अच्छे अधिकारी रहे हैं। विभिन्न ब्लाकों में अपने कार्य व स्वभाव से अच्छी छाप छोड़ा है। सभी प्रधानों से विकास कार्यों को लेकर उत्साह से कार्य करते थे। पदोन्नति होने



उपायुक्त विपिन कुमार।

पर नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति चित्रकूट के प्रबंधक राकेश नामदेव, अध्यक्ष अशोक नामदेव, संरक्षक डा हरीशंकर नामदेव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार नामदेव ने खुशी जताई है।

# पुतिन की बीजिंग यात्रा समाप्त, जिनपिंग बोले-उज्ज्वल है चीन-रूस के रणनीतिक संबंधों का भविष्य

**बीजिंग :** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के विरोध के बावजूद चीन और रूस के बीच रणनीतिक संबंध एक ऐतिहासिक शुरूआती बिंदु पर हैं. उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए समझौता बातचीत के लिए तत्परता व्यक्त करते हुए अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त कर दी है.

पुतिन मार्च में दोबारा चुने जाने के बाद चीन की अपनी पहली यात्रा के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे और अपनी रणनीतिक सहयोग साझेदारी को जारी रखने के लिए एक विजन डॉक्यूमेंट पर हस्ताक्षर करने के अलावा शी के साथ कई दौर की बातचीत की.



राष्ट्रपति शी ने हार्बिन में 8वें रूसी-चीनी एक्सपो में अपने संदेश में कहा कि चीन-रूस संबंधों का भविष्य उज्ज्वल है और उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन-रूस राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है. शी ने कहा, एक नए ऐतिहासिक शुरूआती बिंदु पर खड़े होकर, द्विपक्षीय संबंध नए ऐतिहासिक अवसरों को अपनाएंगे और विकास की व्यापक संभावनाएं दिखाएंगे.

बीजिंग से लगभग 1,300 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और रूस के साथ इसकी सीमा के करीब, हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेने वाले पुतिन ने कहा, कीव के विपरीत, रूस ने युद्ध समाप्त करने के लिए यूक्रेन के साथ बातचीत करने से कभी इनकार नहीं किया है. 71 वर्षीय पुतिन और 70 वर्षीय शी दोनों ने रूस द्वारा शुरू किए गए दो साल से अधिक समय से चल रहे यूक्रेन युद्ध को सुलझाने के लिए बातचीत करने की बात कही।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड चौथी बार 20 मई को सदन में बहुमत हासिल करेंगे



**काठमांडू।** नेपाल में वामपंथी दलों की गठबंधन सरकार इस समय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्ल ने सदन में एक बार फिर विश्वास मत साबित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे। दरअसल, नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यदि सत्ता गठबंधन का कोई भी दल सरकार से समर्थन वापस लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर फिर से विश्वास का मत लेना होगा। दो महीने पहले ही सत्ता पक्ष में सहभागी जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के बाद इसके एक धड़े ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। इसलिए प्रधानमंत्री ह्यप्रचंडह्ल एक बार फिर सदन में विश्वास मत साबित करने के लिए मजबूर हो गए हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने आज सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री और विपक्षी दलों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आज शाम को विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के नेताओं को निर्णायक बातचीत के लिए बुलाया है।

## नेपाल की संसद में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के सांसदों के बीच मारपीट

**नेपाल।** नेपाल में सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच गुरुवार को सदन में मारपीट एवं धक्कामुक्की हुई। सत्तापक्ष के नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ भी विपक्षी सांसदों ने धुक्कामुक्की की।

सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति की मांग पर अडे.विपक्षी नेताओं के साथ सरकार की हर बातचीत बेनतीजा होने के बाद जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो रोज की तरह विपक्षी सांसद वेल में आकर जमकर नारेबाजी करने लगे। इसी बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने गृह मंत्री रवि लामिछाने को सदन में बोलने देने की इजाजत दी। इजाजत मिलते ही गृहमंत्री लामिछाने अपनी सीट खडे.होकर जब पोडियम की तरफ जाने लगे तो नेपाली कांग्रेस के सांसदों ने उनका रास्ता रोका और गृह मंत्री के खिलाफ ही नाराबाजी करने लगे।

विपक्षी दल बिना संसदीय समिति के गठन के गृह मंत्री को सदन में किसी भी हालत में बोलने देने के लिए तैयार नहीं हुए।

विपक्षी सांसदों की तरफ से गृह मंत्री लामिछाने को पोडियम तक जाने से रोकने पर सत्तापक्ष के प्रमुख नेता केपी शर्मा ओली ने विपक्षी सांसदों को समझाने की कोशिश की। संसद से जारी लाइव फुटेज में दिख रहा है कि ओली नेपाली कांग्रेस के सांसद तथा पार्टी के उपाध्यक्ष धनराज गुरूंग तथा महामंत्री गगन थापा को ऐसा नहीं करने के लिए बोल रहे हैं जिस पर विपक्षी सांसदों ने नाराबाजी और तेज कर दी है। इसपर ओली ने चिल्लाकर विपक्षी सांसदों को वहां से हटने को कहा इस पर विपक्षी सांसद भी ओली के खिलाफ नाराबाजी करने लगे। इतने में ही ओली की पार्टी के सांसदों ने विपक्षी सांसदों के साथ पहले धक्का-मुक्की और फिर हाथापाई पर उतर आए। इसके जवाब में विपक्षी सांसदों ने भी सत्तापक्ष के सांसदों की पिटाई कर दी।

संसद में बिगड़ते माहौल को देखते हुए स्पीकर घिमिरे ने सदन की कार्रवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन स्थगन के बावजूद करीब आधे घंटे सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की चलती रही।

## श्रीलंका में 10 पाकिस्तानी तस्करों को दस-दस साल की जेल

**कोलंबो।** 10 पाकिस्तानी नागरिकों को श्रीलंका की एक अदालत ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि जब यह मामला छह मई, 2024 को कोलंबो उच्च न्यायालय के समक्ष उठाया गया तो आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बाद में उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। उसने बताया कि एक जनवरी, 2020 को पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो और श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई एक संयुक्त छापेमारी में दस पाकिस्तानी नागरिकों के पास से 581 किलोग्राम और 34 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ और 614 किलोग्राम आइस (मेथमफेटामाइन) बरामद किया गया था।

## भारत में चीनी राजदूत की नियुक्ति से द्विपक्षीय रिश्तों पर सकारात्मक असर : प्रो. स्वर्ण सिंह



**बीजिंग :** हाल ही में चीन ने श्यू फेइहोंग को भारत में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है. उन्होंने दिल्ली पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है. नए राजदूत की नियुक्ति से चीन-भारत संबंधों पर क्या असर पड़ेगा, साथ ही चीन और भारत के संबंध कैसे बेहतर हो सकते हैं, इन मुद्दों पर चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के संवाददाता अनिल पांडेय ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर स्वर्ण सिंह के साथ बात की इंटरव्यू में प्रो. सिंह ने कहा कि आजकल भारत में आम चुनाव चल रहे हैं, ऐसे वक्त में चीन के नए राजदूत की नियुक्ति एक अच्छा संकेत है. लंबे समय के बाद चीनी राजदूत ने भारत में कार्यभार संभाला है. इससे भारत और चीन के संबंधों में बहुत अच्छा असर देखने को मिल सकता है. साथ ही चुनाव के दौरान राजदूत को भारत की राजनीति को सही ढंग से समझने में मदद मिलेगी. प्रो. स्वर्ण सिंह के मुताबिक, चीन और भारत को सीमा संबंधी मुद्दे को हल करने के लिए ध्यान देना चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# कमला हैरिस ने कहा, अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत

**वाशगिंटन।** अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतवंशियों को अधिक प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए। यह मांग करते हुए अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दशार्ती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए। कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। यह संगठन देश भर में निर्वाचित पदों के लिए चुनाव में उतरने वाले भारतीय अमेरिकियों को समर्थन और धन मुहैया कराता है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर



भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दशार्ती।वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिसमें डा. अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं।

अमेरिकन इंपैक्ट का मानना था कि 2024 में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी।

राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के संबंध में इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट का कहना है कि अमेरिका में भारतवंशी चुनाव परिणाम को भी प्रभावित कर सकते हैं। यह दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समुदाय है और देश के कई राज्यों में इनकी जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।

# भारत ने आर्मेनिया के साथ पहली बार रक्षा क्षेत्र को लेकर किया विचार विमर्श –

**नई दिल्ली:** अजरबैजान के नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र से रूसी सेना की वापसी शुरू होने के एक महीने बाद भारत ने पड़ोसी मध्य एशियाई देश आर्मेनिया के साथ पहली बार रक्षा क्षेत्र को लेकर चर्चा की. 14 मई को येरेवन में आयोजित बैठक के बाद आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है( बयान के मुताबिक भारतीय पक्ष का नेतृत्व रक्षा मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने किया, जबकि अर्मेनियाई पक्ष का नेतृत्व डिफेंस पॉलिसी एंड इंटरनेशन कॉओपरेशन विभाग प्रमुख लेवोन अयवज्यान ने किया. बयान के अनुसार परामर्श के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए. इस में वर्ष 2024-2025 के लिए भारत और आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच एक सहयोग योजना को मंजूरी दी. इसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मुद्दों पर एक संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रावधान शामिल है.



### भारत ने आर्मेनिया के साथ क्यों किया परामर्श?

मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस में एसोसिएट फेलो स्वस्ति राव के अनुसार भारत आर्मेनिया के दो प्रमुख रक्षा उपकरण सप्लायर्स में से एक है. राव ने ईटीवी भारत को बताया कि आर्मेनिया ने रक्षा उपकरण खरीद के लिए 1.5 मिलियन डॉलर का बजट आवंटित किया है. यह बैठक अजरबैजान के नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र से रूसी शांति सेना की वापसी शुरू होने के एक महीने बाद हुई। उन्होंने बताया कि आर्मेनिया, नागोर्नो काराबाख पर अजरबैजान के साथ क्षेत्रीय संघर्ष में उसका समर्थन नहीं करने के लिए रूस से नाराज है. हालांकि आर्मेनिया सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (उरळड) का एक हिस्सा है, जिसका रूस भी सदस्य है., जबकि अजरबैजान उरळड का सदस्य नहीं है.

### CSTO क्या है?

नाटो के समान, सीएसटीओ यूरेशिया में एक अंतरसरकारी सैन्य गठबंधन है, जिसमें छह राज्य शामिल हैं. इसे ताशकंद संधि के रूप में भी जाना जाता है, जिस पर 15 मई 1992 को कई पूर्व सोवियत गणराज्यों: आर्मेनिया, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने हस्ताक्षर किए थे. यह संधि 1994 में लागू हुई, जिसका उद्देश्य आपसी रक्षा के लिए एक रूपरेखा प्रदान करके सोवियत-पश्चात अंतरिक्ष में शांति और स्थिरता बनाए रखना था। इस संधि में कहा गया है कि एक सदस्य राज्य के खिलाफ आक्रामकता का कार्य सभी सदस्यों के खिलाफ आक्रामकता का कार्य माना जाएगा, जो उन्हें एक-दूसरे की सहायता करने के लिए बाध्य करता है, जिसमें सशस्त्र बल का उपयोग भी शामिल है. सीएसटीओ यूरेशियन क्षेत्र की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण रोल अदा करता है. यह अपने सदस्य राज्यों की स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देता है. अपनी चुनौतियों के बावजूद, संगठन पारंपरिक और गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के अनुसार विकास और अनुकूलन जारी रखता है.

### क्या है अर्मेनिया और अजरबैजान के बीच संघर्ष?

आर्मेनिया और अजरबैजान दक्षिण काकेशस के एक क्षेत्र विवादित नागोर्नो-काराबाख को लेकर तीन दशकों से अधिक समय से जातीय और क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल रहे. 1988 में नागोर्नो-काराबाख में रहने वाले जातीय अर्मेनियाई लोगों ने तत्कालीन नागोर्नो-काराबाख स्वायत्त ओब्लास्ट को सोवियत अजरबैजान से आर्मेनिया में ट्रांसफर करने की मांग की.

सोवियत संघ के पतन के बाद, ये तनाव एक युद्ध में बदल गया और दिसंबर 1991 में, नागोर्नो-काराबाख के अर्मेनियाई लोगों ने एक नागोर्नो-काराबाख गणराज्य में अपनी स्वतंत्रता की घोषणा कर दी. हालांकि स्थानीय अजरबैजानियों ने इसका विरोध किया. इस बीच पहला नागोर्नो-काराबाख युद्ध मई 1994 में युद्धविराम के साथ समाप्त हुआ, जिसमें अर्मेनियाई सेना ने नागोर्नो-काराबाख स्वायत्त ओब्लास्ट के पूरे क्षेत्र के साथ-साथ अजरबैजान के सात जिलों को नियंत्रित कर लिया. गौरतलब है कि 1994 के युद्धविराम के बाद भी इस क्षेत्र पर रुक-रुक कर लड़ाई जारी रही( सितंबर 2020 में एक बार फिर आर्टाख को लेकर आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच फिर से लड़ाई शुरू हो गई और अजरबैजान ने मुख्य रूप से क्षेत्र के दक्षिणी भाग में क्षेत्रों पर पुनः कब्जा कर लिया. इसके बाद 10 नवंबर, 2020 को आर्मेनिया, अजरबैजान और रूस के बीच हस्ताक्षरित एक युद्धविराम समझौते ने नए सिरे से लड़ाई को समाप्त करने की घोषणा की. इसके तहत आर्मेनिया अगले महीने में नागोर्नो-काराबाख के आसपास के शेष कब्जे वाले क्षेत्रों से हट जाएगा. समझौते में क्षेत्र में रूसी शांति सेना तैनात करने का प्रावधान शामिल था.


### आर्मेनिया में भारत की क्या दिलचस्पी है?

भारत एक पैन-तुर्क साम्राज्य बनाने की तुर्की की शाही महत्वाकांक्षा से चिंतित है जो काकेशस और यूरेशिया के कुछ हिस्सों को कवर करेगा. तुर्की एक ऐसे साम्राज्य की कल्पना कर रहा है जिसमें वे सभी राष्ट्र और क्षेत्र शामिल होंगे जहां तुर्क भाषा बोली जाती है. भारत ने अजरबैजान और उसके सहयोगियों, पाकिस्तान और तुर्की की विस्तारवादी योजनाओं का विरोध करने का फैसला किया है।

## नेपाल में संसद भवन के सामने विपक्षी दलों का प्रदर्शन, गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा

**काठमांडू।** सहकारी घोटाला कांड में फंसे नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने शुक्रवार को संसद भवन के आगे विरोध प्रदर्शन किया। नेपाली कांग्रेस से जुड़े छात्र तथा युवा संगठनों के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने संसद भवन के सामने गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी जबरन संसद भवन के भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। इस क्रम में पुलिस के साथ झड़प होने की भी खबर है। नेपाली कांग्रेस की तरफ से प्रदर्शन में शामिल तरूण दल के नेता सरीन घिमिरे ने बताया कि उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पुलिस ने बल प्रयोग किया है। घिमिरे के मुताबिक पुलिस ने एक दर्जन से अधिक कार्यकताओं को नियंत्रण में लिया है। पुलिस लाठीचार्ज से दर्जनों प्रदर्शनकारियों को चोटें भी आई हैं। नेपाल विद्यार्थी संघ के नेता विवेक ठाकुर ने कहा कि गृहमंत्री के खिलाफ उन लोगों का प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते।

## पीओके में झड़पों के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्थानीय मुद्दों के हल के लिए समिति गठित की



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हाल के दिनों में हुई झड़प के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया। पीओके में आटे की बहुत अधिक कीमतों और बढ़े हुए बिजली बिलों और करों के खिलाफ हाल में प्रदर्शन कर रहे लोगों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिसकर्मी और तीन नागरिकों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गये थे। मुजफ्फराबाद एक दिन के दौरे पर आए शहबाज ने कहा कि लोगों ने अपनी वास्तविक मांगों के लिए आवाज उठाई थी, लेकिन इसके बीच कुछ उपद्रवियों ने दंगा करने की कोशिश की। सरकारी ह्यरेडियो पाकिस्तानह्ल की खबर के अनुसार, क्षेत्रीय सरकार की कैबिनेट की एक विशेष बैठक को संबोधित करते हुए शहबाज ने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया।

## कंबोडिया में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी-'फर्जी एजेंटों से रहें सावधान'

**नोम पेन्ह (कंबोडिया) :** भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को नौकरियों के लिए कंबोडिया की यात्रा करने वालों के लिए एडवाइजरी जारी की है. भारतीय नागरिकों को केवल विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा अनुमोदित अधिकृत एजेंटों के माध्यम से रोजगार सुरक्षित करने के लिए कहा है.

एडवाइजरी में फर्जी नौकरी की पेशकश से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों से सावधानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया है. कंबोडिया में भारतीय दूतावास ने कहा कि नौकरी चाहने वाले नोम पेन्ह में भारतीय दूतावास से भी संपर्क कर सकते हैं. इसमें कहा गया है कि ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें भारतीय नागरिकों को थाईलैंड के माध्यम से लाओस में रोजगार का लालच दिया जा रहा है.

कंबोडिया में भारतीय दूतावास ने नोट किया कि ये फर्जी नौकरियां 'डिजिटल सेल्स एंड मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्स' या 'कस्टमर सपोर्ट सर्विस' जैसे पदों के लिए शामिल संदिग्ध कंपनियों द्वारा हैं.

एडवाइजरी में कहा गया है कि 'सभी भारतीय नागरिक जो कंबोडिया और दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में नौकरियों के लिए यात्रा कर रहे हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि इस क्षेत्र में कई नकली एजेंट सक्रिय हैं, जो भारत में एजेंटों के साथ मिलकर लालच दे रहे हैं.'

कंबोडिया में भारतीय दूतावास के अनुसार, इन फर्मों से जुड़े दुबई, बैंकॉक, सिंगापुर और भारत जैसे स्थानों में एजेंट एक साधारण साक्षात्कार और टाइपिंग टेस्ट लेकर भारतीय नागरिकों की भर्ती कर रहे हैं, और वापसी हवाई टिकट के साथ उच्च वेतन, होटल बुकिंग और वीजा सुविधा की पेशकश कर रहे हैं.'